RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 डेजी शाह ने खोला अपने फिटनेस

वर्ष : 26 | अंक : 05 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 26 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

आज वीर बाल दिवस

# आज का युवा कुछ कर गुजरना चाहता है : मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आज वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। जहां कार्यक्रम में बच्चों ने प्रस्तुति दी। यहां पीएम मोदी का सम्मान किया गया। साथ ही उन्होंने यहां पहुंचे लोगों को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक है। पिछले वर्ष देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भारत, दुनिया के उन देशों में से है, जो देश सबसे ज्यादा युवा देश है। इतना युवा तो भारत अपनी आजादी की लड़ाई के समय भी नहीं था। जब उस युवाशक्ति ने देश को आजादी दिलाई, तो आज की युवाशक्ति भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है। यह कल्पना से परे है। हमें इस मिट्टी की आन-बान-शान के लिए जीना है, हमें देश को बेहतर बनाने के लिए जीना है। हमें इस महान राष्ट्र की संतान के रूप में, देश को विकसित बनाने के लिए जीना है, जुटना है, जूझना है और विजयी होकर निकलना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के दोनों छोटे बेटों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद करने के लिए हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री को सम्मानित भी किया गया।

# तीनों प्राधिकरणों की संयुक्त बोर्ड बैठक में मंथन

## बिल्डर्स-बॉयर्स समेत कई अहम प्रस्तावों पर लगेगी मुहर






**नोएडा/ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आज आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तीनों प्राधिकरणों की संयुक्त बोर्ड बैठक चल रही है। सुबह 10 बजे से प्रदेश के औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त (आईडीसी) मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई बैठक में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डा. अरूणवीर सिंह तथा अन्य शीर्ष अफसर मौजूद थे। खबर लिखे जाने तक बोर्ड बैठक चल रही थी।

सूत्रों के मुताबिक बोर्ड बैठक में 20 से अधिक एजेंडे रखे गए हैं। इसमें नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत तथा उनकी समिति की सिफारिशों को लागू करने का एजेंडा प्रमुख तौर पर रखा गया है। इसके अलावा बोर्ड बैठक में औद्योगिक भूखंडों की आवंटन दर में करीब 10 फीसदी वृद्धि पर भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

वहीं किसानों तथा आवंटियों एवं बिल्डर्स तथा बॉयर्स के मुदद़े पर भी बोर्ड बैठक में विचार किया। खबर लिखे जाने तक बोर्ड बैठक चल रही थी।

# निर्माणाधीन फैक्ट्री से गिरकर मजदूर की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-10 में निर्माणाधीन फैक्ट्री में कार्य करते करने के दौरान मजदूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से गोंडा निवासी विनोद कुमार पुत्र नन्हे दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का जीवन यापन कर रहा था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बोर्ड बैठक के दौरान कर्मचारियों ने किया हंगामा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आज आयोजित ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक के दौरान प्राधिकरण के कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा अचानक से हंगामा किए जाने से प्राधिकरण के तमाम अधिकारियों में हड़कंप मच गया। हंगामा करने वाले कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा उनके साथ भेदभावपूर्ण नीति अपनाई जा रही है। शासन ने अनुबंध के आधार पर काम करने वाले कर्मचारियों की सूची मांगी थी, लेकिन अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों और जान पहचान वाले कर्मचारियों के नाम ही शासन को भेजे हैं। आपको बता दें कि आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आयोजित की जा रही थी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। पुलिस मानसिक तनाव के कारण युवकों के द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जता रही है। मूल रूप से गांव से सितमरा जनपद कानपुर निवासी (23 वर्षीय) शिवम पुत्र अनिल दीक्षित हाल में गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रह रहा था। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत था। बीती शाम पड़ोस में रहने वाले किराएदारों ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखकर मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने तुरंत थाना फेस-3 पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शिवम पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

# सड़क हादसों में महिला व युवक की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर आज सुबह हुए सड़क हादसों में महिला व एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम वीरपुर थाना जारचा निवासी मोहित कुमार अपनी पत्नी राखी के साथ अपनी (2 वर्षीय) बेटी को उपचार के लिए दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल लेकर जा रहा था। शाहपुर पुलिया के पास तेज गति में आ रहे एक टाटा ट्रिपर ट्रक ने मोहित कुमार की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में मोहित की पत्नी राखी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। गंभीर स्थिति में राखी को उपचार के लिए दादरी के नवीन अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। इस हादसे में मोहित व उसकी 2 वर्षीय बेटी को भी चोटे आई हैं। थाना दादरी प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 196 बंडल कॉपर के विद्युत तार चोरी

## डेढ़ माह बाद थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के आम्रपाली लेजर पार्क प्रोजेक्ट साइट के गोदाम से लाखों रुपए मूल्य के 196 बंडल कॉपर इलेक्ट्रिक तार चोरी हो गए। हैरानी की बात यह है कि साइट पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं। इसके बावजूद भी चोर चोरी की वारदात को अंजाम देने में सफल रहे। वहीं थाना बिसरख पुलिस ने डेढ़ माह बाद चोरी की इस घटना को दर्ज किया है।



अम्रपाली लेजर पार्क प्रोजेक्ट साइट पर कार्य करा रही वरिंदर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के प्रोजेक्ट जीएम नीरज जैन ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में एनएससीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा उक्त प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य को कंप्लीट करने के लिए मैसर्स वरिंदर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को नियुक्त किया गया है। इस साइट पर कंपनी अगस्त 2020 से लगातार कार्य कर रही है। प्रोजेक्ट में लगने वाले विभिन्न सामानों के (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला से लूटी चेन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी मॉल के बाहर से बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। पीड़िता के पति की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गाजियाबाद के ग्राम मोरटा निवासी मोहित गुर्जर ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीती शाम वह अपनी पत्नी के साथ गौर सिटी मॉल में खरीदारी करने के लिए आए थे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कार टच होने पर बाइक सवारों ने जमकर की धुनाई

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बाइक से कार टच होने पर गुस्साए बाइक सवार युवकों ने कार चालक के साथ मारपीट करते हुए कार के शीशे तोड़ दिए। किसी तरह कार चालक जान बचाकर अपनी सोसाइटी पहुंचा तो पीछे से आए युवकों ने वहां पर भी उसके साथ मारपीट की। सिक्योरिटी गार्डों की मदद से चार युवकों को लोगों ने मौके पर दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चेरी काउंटी सोसाइटी में रहने वाले संदीप कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह बीती रात्रि चंडीगढ़ से वापस ग्रेटर नोएडा आ रहे थे। शाहबेरी गांव के पास रास्ते में उनकी कार एक बाइक से टच हो गई। इस पर बाइक सवार युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब गाली गलौज का (शेष पृष्ठ-4 पर)

# साइबर ठगों ने खाते से उड़ाये 99 हजार रुपये

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बेहतर नौकरी पाने के लालच में एक युवक साइबर ठग का शिकार बन गया। साइबर ठग द्वारा मोबाइल फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही युवक के खाते से 98999 निकल गए। पीड़ित युवक ने थाना सूरजपुर में अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। तिलपता गांव में किराए पर रहने वाले मोहन सिंह ने पुलिस में की शिकायत में बताया कि वह हाल में डेंसो कंपनी में कार्यरत है। बीते 30 अगस्त को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उक्त व्यक्ति ने उसे बेहतर नौकरी लगवाने का ऑफर दिया। उसने मोबाइल फोन पर एक लिंक भेजकर तमाम (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बेटी को भगा ले गया साढ़ू, संदिग्ध परिस्थितियों में दो किशोरियां लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर में एक व्यक्ति ने अपने साढ़ू के खिलाफ नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। वही अलग-अलग स्थान से दो नाबालिक लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी राजेश (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी (15 वर्षीय) बेटी को उसका साढ़ू शत्रुघ्न बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

वहीं थाना फेस-2 क्षेत्र के गेझा गांव की काशीराम कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी (16 वर्षीय) बेटी बीते 19 दिसंबर की शाम को अपनी सहेली के साथ घर से चली गई है। परिजनों ने दोनों की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

वहीं थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में किराए पर रहने वाले अनूप विश्वास (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 17 साल की बेटी 23 दिसंबर की सुबह घर से बिना बताए चली गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसकी बेटी का कोई पता नहीं चला।

# दो घरों से लाखों के जेवरात, नकदी व सामान चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर लाखों रुपए के जेवरात, नगदी व कीमती सामान को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना फेस 2 क्षेत्र के लोटस पनास सोसायटी में रहने वाली शिप्रा शर्मा ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि उसने सोसाइटी में लगे क्रिसमस मेले में अपनी स्टॉल लगाई थी। दोपहर के समय वह घर को लॉक कर अपने स्टॉल पर चली गई। रात्रि में मेला खत्म होने पर जब वह वापस (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 'वेंडर्स पर कार्रवाई हुई तो होगा बड़ा आंदोलन'

## वेंडर्स ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** विभिन्न मांगों को लेकर पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन ने आज प्रदर्शन करके ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ को संबोधित एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पथ विक्रेताओं की समस्या का स्थाई समाधान न होने तक उनको सड़कों से न हटाने की मांग की गई।


यूनियन के महामंत्री गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि नियम कानूनों का उल्लंघन कर ग्रेनो प्राधिकरण कर्मचारियों और थाना बिसरख पुलिस सिटी सोसाइटी ऐमनाबाद ग्रेटर नोएडा पर वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक बाजार को पिछले कुछ दिनों से लगने से रोक रहे हैं। उक्त




से परेशान वेंडर्स ने पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन संबंध सीटू के बैनर तले यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, जिला सचिव रामस्वारथ के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।

दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

ISHWAR PHYSIO CARE
At Home Physiotherapy for an Active Life
Physical Therapy for :
- Back & Neck Pain
- Arthritis
- Post Stroke
- Sports Injury
- Fracture Rehabilitation
- Joint Pain
- Pain Management Through Electro Therapy
Home Visit Only



Dr. Ankur Sharma (PT)
Up state medical council Registered (Lucknow)
+919990144473

## शीतकालीन सत्र

इस सत्र की याद में कई चिराग जलते रहेंगे, तेरे हाथ की मशाल में इतनी तो रोशनी रही। तपोवन विधानसभा का शीतकालीन सत्र तपा जरूर, लेकिन इसके भीतर और बाहर के मजमून स्वतंत्र रहे और समय का बंटवारा भी निभाता रहा अपना दायित्व। दायित्व विपक्ष का अपने जुनून के किरदार में कई अक्स और कई पक्ष लिए, सरकार को घेरता और मुद्दों को पेलता रहा, लेकिन पहली बार एक छोटे से सत्र ने काम किया। जनापेक्षाओं के साथ, गारंटियों के हाथ और सरकार के करार को देखते-सुनते गुजर गया एक और शीतकालीन सत्र, लेकिन पक्ष और विपक्ष के किरदार ने अपने-अपने पाठ्यक्रम के बीच आवश्यक काम किया। पांच दिन की भीड़, कहने-सुनने के लिए 471 प्रश्न और कार्यान्वयन की दृष्टि में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की भूमिका का जोरदार प्रदर्शन देखा गया। सत्र में एक ओर गारंटियों में आपदा देखती भाजपा और दूसरी ओर आपदा में गारंटियों को सहेजती कांग्रेस का बचाव खुद को संवारता रहा है। सरकार ने अपनी व्यवस्था परिवर्तन की पारी को मुखातिब किया और खुद को स्थापित करने की कोशिश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी शासन प्रणाली का वक्तव्य दिया तो नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने समूचे विपक्ष को अपने कंधे पर उठा लिया। विधानसभा सदन के बाहर भाजपा ने गारंटियों का चोला पहनकर या सेब की पेटी उठाकर अगर विरोध किया, तो भीतर हर बहस को मुकाम तक पहुंचाने का दबाव बनाया। पहली बार बहिर्गमन पर सत्र सजायफ्ता नहीं हुआ और न ही वाकआउट की अनुगूंज ने माहौल के कान बिगाड़े। यह दीगर है कि सदन के बाहर विपक्ष की बोली में कई आंदोलनकारी भी पहुंचे। सत्ता अगर चाहे तो तपोवन का सत्र केवल सदन का आंतरिक वृत्तांत नहीं, बल्कि प्रदेश की मनोस्थिति का वर्णन भी है, जहां इसके बहाने विभिन्न वर्ग, विभिन्न मुद्दे और कर्मचारी मसले शिरकत करते हुए धर्मशाला पहुंच जाते हैं। इन्हीं मसलों के बीच से इस बार केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर ने अपनी शिकायतों का मजमा खड़ा किया। विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर की तमाम अनुभूतियों के बावजूद सरकार को महज तीस करोड़ जमा कर ढाई सौ करोड़ के निर्माण का श्रीगणेश करना है। यह क्यों नहीं हो रहा, जबकि देहरा की मुनादी में विश्वविद्यालय का परिसर रात-दिन मेहनत करके हमीरपुर के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का गुणगान कर रहा है। हैरानी यह है कि कांग्रेस की पूर्व सरकार से भिन्न इस बार की कुंडली में इसी पार्टी का पांव फंसा है। विधानसभा सत्र का अंतिम दिन पूरे प्रदेश पर भारी पड़ा है। उस दिन हिमाचल का आर्थिक सामर्थ्य फिर घायल-अपाहिज दिखा तो इसलिए कि सामने कैग रिपोर्ट का सत्य तमाम सरकारों की बांसुरियां तोड़ रहा है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपया। कैग रिपोर्ट बता गई कि प्रदेश की धमनियों में 86589 करोड़ का कर्ज घूम रहा है। पिछले एक वर्ष में 13055 करोड़ का नया उधार सिर पर सवार हो गया, तो यह छठे वेतन आयोग की सिफारिशों का असर भी है जो हर वर्ष सात हजार करोड़ का अतिरिक्त बोझ पैदा कर रही हैं। इसी मद में ओपीएस भी आने वाले समय में आर्थिक दैत्य बनकर सताएगा। सरकार पर गारंटियों का बोझ धीरे-धीरे पंजा जमाने लगा है और जिनका मूल्य राज्य चुका कर, कई अन्य क्षेत्रों में असमर्थता व्यक्त करेगा। अगर ढाई सौ करोड़ के जदरांगल परिसर के निर्माण पर तीस करोड़ की अदायगी भारी है, तो आइंदा ऐसी ही विकरालता से विकास भयभीत रहेगा। विडंबना यह है कि प्रदेश के पचास फीसदी बजट का होम कर्मचारी वेतन, पेंशन और भत्तों पर होगा। साढ़े चार लाख के करीब सरकारी कर्मचारी और पेंशनधारक अगर गुलकंद खा रहे हैं, तो निजी क्षेत्र के करीब पच्चीस लाख कर्मचारी, व्यापारी व निवेशक अपनी खुशहाली के लिए लडखड़ा रहे हैं। ऐसे में एक विशेष सत्र आहूत करके प्रदेश की आर्थिक हालत पर समग्रता के साथ चर्चा व राजनीतिक सहमति के साथ कड़े कदम उठाने की जरूरत है। जरूरत यह भी है कि तपोवन के एकमात्र सत्र को आगे बढ़ाते हुए यहां मानसून या बजट सत्र को भी पहुंचाया जाए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे असुरों के शत्रु! जगत में बिना हेतु के (निःस्वार्थ) उपकार करने वाले तो दो ही हैं- एक आप, दूसरे आपके सेवक। जगत में (शेष) सभी स्वार्थ के मित्र हैं। हे प्रभो! उनमें स्वप्न में भी परमार्थ का भाव नहीं है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सब के बचन प्रेम रस साने। सुनि रघुनाथ हृदयँ हरषाने॥**
**निज निज गृह गए आयसु पाई। बरनत प्रभु बतकही सुहाई॥**

सबके प्रेम रस में सने हुए वचन सुनकर श्री रघुनाथजी हृदय में हर्षित हुए। फिर आज्ञा पाकर सब प्रभु की सुन्दर बातचीत का वर्णन करते हुए अपने-अपने घर गए॥

**दो0-उमा अवधबासी नर नारि कृतारथ रूप।**
**ब्रह्म सच्चिदानंद घन रघुनायक जहँ भूप॥**

(शिवजी कहते हैं-) हे उमा! अयोध्या में रहने वाले पुरुष और स्त्री सभी कृतार्थस्वरूप हैं, जहाँ स्वयं सच्चिदानंदघन ब्रह्म श्री रघुनाथजी राजा हैं॥

**एक बार बसिष्ट मुनि आए। जहाँ राम सुखधाम सुहाए॥**
**अति आदर रघुनायक कीन्हा। पद पखारि पादोदक लीन्हा॥**

एक बार मुनि वशिष्ठजी वहाँ आए जहाँ सुंदर सुख के धाम श्री रामजी थे। श्री रघुनाथजी ने उनका बहुत ही आदर-सत्कार किया और उनके चरण धोकर चरणामृत लिया॥

**राम सुनहु मुनि कह कर जोरी। कृपासिंधु बिनती कछु मोरी॥**
**देखि देखि आचरन तुम्हारा। होत मोह मम हृदयँ अपारा॥**

मुनि ने हाथ जोड़कर कहा- हे कृपासागर श्री रामजी! मेरी कुछ विनती सुनिए! आपके आचरणों (मनुष्योचित चरित्रों) को देख-देखकर मेरे हृदय में अपार मोह (भ्रम) होता है॥

**महिमा अमिति बेद नहिं जाना। मैं केहि भाँति कहउँ भगवाना॥**
**उपरोहित्य कर्म अति मंदा। बेद पुरान सुमृति कर निंदा॥**

हे भगवन! आपकी महिमा की सीमा नहीं है, उसे वेद भी नहीं जानते। फिर मैं किस प्रकार कह सकता हूँ? पुरोहिती का कर्म (पेशा) बहुत ही नीचा है। वेद, पुराण और स्मृति सभी इसकी निंदा करते हैं॥

**जब न लेउँ मैं तब बिधि मोही। कहा लाभ आगें सुत तोही॥**
**परमातमा ब्रह्म नर रूपा। होइहि रघुकुल भूषन भूपा॥**

जब मैं उसे (सूर्यवंश की पुरोहिती का काम) नहीं लेता था, तब ब्रह्माजी ने मुझे कहा था- हे पुत्र! इससे तुमको आगे चलकर बहुत लाभ होगा। स्वयं ब्रह्म परमात्मा मनुष्य रूप धारण कर रघुकुल के भूषण राजा होंगे॥


क्रमशः

# संवेदनशील साहित्य के संवाहक थे अटल जी

पं. अटल बिहारी वाजपेयी का नाम लेने से ऐसे विराट व्यक्ति का बोध होता है, जिसके व्यक्तित्व की व्यापकता असीमित है। एक राजनेता के रूप में तो उन्हें हर कोई जानता और मानता है। लेकिन, एक संवेदनशील साहित्यकार के रूप में भी वे व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के कण-कण में समाहित हैं। उनकी प्रतिभा बाल्यकाल में ही प्रस्फुटित हो चुकी थी। जब वह पांचवीं कक्षा में ही थे तो उन्होंने प्रथम बार भाषण दिया था, जिससे लोग काफी प्रभावित हुए थे। उच्च शिक्षा के लिए जब वे विक्टोरिया कॉलेजियट स्कूल में नामांकित थे तो उन्होंने वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा प्रथम पुरस्कार जीता। कॉलेज जीवन में ही उन्होंने राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया था, लेकिन साहित्य की साधना भी करते रहे ।

अटलजी राजनीति में रहते हुए साहित्य से जुड़े रहे या साहित्य की साधना करते हुए राजनीति के रंग में रंगे रहे, यह निर्णय करना थोड़ा कठिन है। वैसे अटलजी कहा करते थे कि राजनीति और साहित्य दोनों ही जीवन के अंग हैं। लेकिन, प्रायः राजनीति से जुड़े लोग साहित्य के लिए समय नहीं निकाल पाते और साहित्य से जुड़े लोग राजनीति में रूचि नहीं दिखा पाते। लेकिन, अटलजी ने एक नजीर पेश की और दोनों से जुड़े रहे, दोनों के लिए समय देते रहे। परंतु आज के राजनेता साहित्य से दूर हैं, इसी कारण उनमें मानवीय संवेदना का स्रोत सूख-सा गया है। कवि संवेदनशील होता है। एक कवि के हृदय में दया, क्षमा, करुणा और प्रेम होता है, इसलिए वह खून की होली नहीं खेल सकता। साहित्यकार को पहले अपने प्रति सच्चा होना चाहिए। इसके पश्चात उसे समाज के प्रति अपने दायित्व का सही अर्थों में निर्वाह करना चाहिए। वह भले ही वर्तमान को लेकर चले, किंतु उसे आने वाले कल की भी चिंता करनी चाहिए। अतीत में जो श्रेष्ठ है, उससे वह प्रेरणा ले, परंतु यह कभी न भूले कि उसे भविष्य का सुंदर निर्माण करना है। उसे ऐसे साहित्य की रचना करनी है, जो मानव मात्र के कल्याण की बात करे। अटलजी की कविताओं में राष्ट्रवाद, सनातन संस्कृति, जीवन यथार्थ, सामाजिक चेतना का बोध होता है। अटल बिहारी वाजपेयी का नाम ऐसे कवि के रूप में लिया जाता है जिन्होंने अपनी सरल और सुगम कविता से ही लोगों का दिल जीत लिया है। उनकी कविताएं भावपूर्ण होती थी जिन्हें समझना आसान होता था और उनकी कविताएं बहुत ही सरल शैली में लिखी जाती थी जो सीधे ही पढ़ने वाले के हृदय तक जाती थी।

अटलजी ने कई पुस्तकें लिखी हैं। इसके अलावा उनके लेख, उनकी कविताएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुईं, जिनमें राष्ट्रधर्म, पांचजन्य, धर्मयुग, नई कमल ज्योति, साप्ताहिक हिंदुस्तान, कादिम्बनी और नवनीत आदि सम्मिलित हैं। राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित सेवाओं के लिए 25 जनवरी, 1992 में राष्ट्रपति ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान ने 28 सितंबर 1992 को उन्हें 'हिंदी गौरव'



**अटलजी ने कई पुस्तकें लिखी हैं। इसके अलावा उनके लेख, उनकी कविताएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुईं, जिनमें राष्ट्रधर्म, पांचजन्य, धर्मयुग, नई कमल ज्योति, साप्ताहिक हिंदुस्तान, कादिम्बनी और नवनीत आदि सम्मिलित हैं।**

से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें 51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई, परंतु उन्होंने उसी समय इसे सम्मान सहित संस्थान को अपनी ओर से भेंट कर दिया। अगले वर्ष 20 अप्रैल 1993 को कानपुर विश्वविद्यालय ने उन्हें डी.लिट् की उपाधि प्रदान की। उनके सेवाभावी और त्यागी जीवन के लिए उन्हें पहली अगस्त 1994 को कमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात 17 अगस्त 1994 को संसद ने उन्हें श्रेष्ठ सासंद चुना तथा पंडित गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद 27 मार्च, 2015 को भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इतने महत्वपूर्ण सम्मान पाने वाले अटलजी की उदारता अनुपम है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सीमाओं से परिचित हूं। मुझे अपनी कमियों का अहसास है। निर्णायकों ने अवश्य ही मेरी न्यूनताओं को नजरअंदाज करके मेरा चयन किया है। सद्भाव में अभाव दिखाई नहीं देता है। यह देश बड़ा है अद्भुत है, बड़ा अनूठा है। किसी भी पत्थर को सिंदूर लगाकर अभिवादन किया जा सकता है।

अटलजी 'रामचरितमानस' को अपने लिए प्रेरणा का स्रोत मानते थे। उन्होंने कहा था कि जीवन की समग्रता का जो वर्णन गोस्वामी तुलसीदास ने किया है, वैसा विश्व-साहित्य में नहीं हुआ है। काव्य लेखन के बारे में उनका कहना था कि साहित्य के प्रति रुचि मुझे उत्तराधिकार के रूप में मिली है। परिवार का वातावरण साहित्यिक था। उनके बाबा पंडित श्यामलाल वाजपेयी बटेश्वर में रहते थे। उन्हें संस्कृत और हिन्दी की कविताओं में बहुत रुचि थी। यद्यपि वे कवि नहीं थे, परंतु काव्य प्रेमी थे। उन्हें दोनों ही भाषाओं की बहुत सी कविताएं कंठस्थ थीं। वे अकसर बोलचाल में छंदों को उदधृत करते थे। उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी ग्वालियर रियासत के प्रसिद्ध कवि थे। वे ब्रज और खड़ी बोली में काव्य लेखन करते थे। उनकी कविता 'ईश्वर प्रार्थना' विद्यालयों में प्रातः सामूहिक रूप से गाई जाती थी। यह सब देख-सुन कर मन को अति प्रसन्नता मिलती थी। पिता जी की देखा-देखी वे भी तुकबंदी करने लगा। फिर कवि सम्मेलनों में जाने लगे। ग्वालियर की हिंदी साहित्य सभा की गोष्ठियों में कविताएं पढ़ने लगे। लोगों द्वारा प्रशंसा मिली प्रशंसा ने उत्साह बढ़ाया।

अटलजी स्वयं कहते हैं कि सच्चाई यह है कि कविता और राजनीति साथ-साथ नहीं चल सकतीं। ऐसी राजनीति, जिसमें प्रायः प्रतिदिन भाषण देना जरूरी है और भाषण भी ऐसा जो श्रोताओं को प्रभावित कर सके, तो फिर कविता की एकांत साधना के लिए समय और वातावरण ही कहां मिल पाता है। उन्होंने जो कविताएं लिखी हैं, वे परिस्थिति-सापेक्ष हैं और आसपास की दुनिया को प्रतिबिम्बित करती हैं।

अपने कवि के प्रति ईमानदार रहने के लिए उन्हें काफी कीमत भी चुकानी पड़ी, किंतु कवि और राजनीतिक कार्यकर्ता के बीच मेल बिठाने का वे निरंतर प्रयास करते रहे। अटलजी कहते थे कि- कभी-कभी इच्छा होती है कि सब कुछ छोड़कर कहीं एकांत में पढ़ने, लिखने और चिंतन करने में अपने को खो दूं, किंतु ऐसा नहीं कर पाता। मैं यह भी जानता हूं कि मेरे पाठक मेरी कविता के प्रेमी इसलिए हैं कि वे इस बात से खुश हैं कि मैं राजनीति के रेगिस्तान में रहते हुए भी, अपने हृदय में छोटी-सी स्नेह-सलिला बहाए रखता हूं।

25 दिसंबर 1924 को जन्म लेने वाले विराट व्यक्तित्व श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को, उनकी ही कविता की चंद पंक्तियों से जयंती पर सादर श्रद्धांजलि।

*जाने कितनी बार जिया हूँ,*
*जाने कितनी बार मरा हूँ।*

*जन्म मरण के फेरे से मैं,*
*इतना पहले नहीं डरा हूँ।*

*अन्तहीन अंधियार ज्योति की,*
*कब तक और तलाश करूँगा।*

*मैंने जन्म नहीं माँगा था,*
*किन्तु मरण की मांग करूँगा।*

*बचपन, यौवन और बुढ़ापा,*
*कुछ दशकों में ख़त्म कहानी।*

*फिर-फिर जीना, फिर-फिर मरना,*
*यह मजबूरी या मनमानी?*

**- डॉ. राकेश मिश्र**
**अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना**

# आ, अब घर लौट चलें

एक समय था जब कोई ग्रामीण गांव से शहर आता तो शहरी लोग हैरानी से नाक- भौंह सिकोड़कर उसे ऐसे देखते जैसे किसी दूसरे ग्रह से कोई एलियन आया हो। सर पर साफा या पगड़ी जिसमें से बालों में डाला सरसों का तेल कानों से टपक रहा होता था। बड़ी-बड़ी चमकदार मूंछें, हाथ में एक लंबा सा छाता, मानो तीसरी टांग साथ हो। बदन पर खुला सा कुर्ता, धोती या लूंगी, कंधे पर गमछा, काम के बोझ से निकली हड्डियां मानो खेतों में रखवाली के लिए खड़ा किया गया पुतला हो। सख्त चमड़े के जूते कदम आगे बढ़ाने पर चूं-चूं करके रो पड़ते। सर पर एक बड़ी सी गठरी जिसमें गुड़ या खेतों से निकली कोई ताजी फसल होती। मोहल्ले में पहुंचते ही दूर से ही जोर-जोर से आवाज लगाता, मोहनवा! अरे ओ मोहनवा! कहां है रे तू? देख तेरा बड़ा भाई आया है। सारे मोहल्ले के लोग बाहर झांकने लगते कि कौन आ गया जिसने इतना भूचाल मचाया हुआ है और जोर-जोर से चिल्ला रहा है। कुछ बच्चे डर कर भाग जाते, कुछ पीछे चल पड़ते जैसे कोई तमाशबीन आया हो। यह दृश्य आज से 40-50 वर्ष पहले का होता था जब कोई ग्रामीण अपने किसी रिश्तेदार से मिलने शहर जाता था। कुछ पुरानी फिल्मों में गोविंदा, अमिताभ बच्चन आदि अभिनेताओं ने ऐसे रोल बखूबी निभाए हैं। उस समय शहर और गांव के रहन-सहन, वेशभूषा आदि में जमीन-आसमान का अंतर था। ग्रामीणों को अनपढ़, गंवार या देहाती आदि संबोधन दिए जाते थे। ऐसे ही जब कोई शहरी गांव आता तो गांव के लोग भी उसे घूर-घूर कर देखते थे। उस समय के गांव शहरों से मिलों दूर होते थे। सडक़ों का अभाव था।

छोटे-छोटे कच्चे घर, पशु-गौशालाएं, गोबर, खेत-खलिहान, अधिकतर गांवों में बिजली नहीं होती थी। पानी दूर-दूर से कुआं या बावड़ी से सर पर लाया जाता था। घास-लकड़ी के गट्ठर, फसल आदि हर सामान सर पर ढोया जाता था। पाठशालाएं बहुत दूर होती थी। शिक्षा का अभाव था, पर गांव के भोले-भाले मेहनती लोग अपनी दुनिया में संतुष्ट थे। इन्हीं गांवों के खेतों में स्वास्थ्य अठखेलियां करता था, दूध की नदियां बहती थी। घी के नाले बहते थे। अटूट अन्न के भंडार भरे रहते थे। सत्य. संयम, सरलता, सहानुभूति और सुख-शांति थी। गांव समृद्ध थे तो देश भी समृद्ध था। राष्ट्र का अन्न, धन व जन गांव से ही प्राप्त होता था। गांव के जवान अच्छे सैनिक होते थे। लेकिन अंग्रेजों के समय जमींदारी प्रथा आरंभ होते ही गांव की दशा बद से बदत्तर होती चली गई। सूदखोरों ने भी ग्रामीणों का खून चूसना आरंभ कर दिया। इन दीमकों ने गांव की समृद्धि को खोखला



कर दिया। किसान जमीदारों के हाथों की कठपुतली बन गए और सूदखोर अपने लाभ के लिए किसानों का शोषण करने लगे। कभी सूखा, कभी अतिवृष्टि से फसल को नुकसान होने से किसानों की कमर टूट गई। ऊपर से सहायता के स्थान पर अंग्रेजों द्वारा बलपूर्वक लगान वसूल किया जाने लगा। जमींदारों और सूदखोरों के अत्याचारों से ऋण का बोझ बढने से गांव में रोटी के भी लाले पडने लगे। इन सारी समस्याओं से परेशान होकर गांव के युवक रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने लगे। धीरे-धीरे छोटे नगर बड़े शहर बनने लगे और बड़े शहर महानगर बन गए। शहरों में विकास होने के कारण धड़ाधड़ उद्योग-धंधों, कल-कारखानों और बड़े-बड़े भवनों का निर्माण होने लगा जो आज भी जारी है।

यहां ग्रामीणों को कोई न कोई रोजगार मिलने लगा, इस प्रकार शहरों में भीड़ बढने लगी। जब शहरों में विकास हुआ तो गांव में भी विकास से परिवर्तन होने लगा । स्वतंत्रता के बाद जमींदारी प्रथा को बंद किया गया। पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा ग्राम सुधार पर विशेष व्यय व बल दिया गया। गांव में सडक़ों का जाल बिछ गया। हवाई पट्टी, हवाई अड्डे, रेलवे लाइन आदि ने गांव से शहरों की दूरी इतनी कम कर दी कि आज गांव शहरों से हाथ मिलाने लगे हैं। इंटरनेट की दुनिया, सोशल मीडिया, वैश्वीकरण आदि से आज गांव और शहरों का अंतर बहुत कम रह गया है। अब गांव में हर सुविधा है। शिक्षा प्राप्त करके गांवों के बच्चे शहरों के बच्चों को पछाड़ रहे हैं, लेकिन जो भी युवक शहर जा रहा है वह अपना गांव छोडक़र वहीं का होकर रह गया है। शहरों की बढ़ती भीड़ और भूमि की कमी के कारण एक नया आविष्कार हुआ। बड़े-बड़े टावर भवन जिनमें अधिक से अधिक फ्लोर व फ्लैट बनने लगे। ये बहुमंजिला इमारतें दूर से देखने पर ऐसी लगती हैं जैसे कबूतर रखने को कबूतरखाने बनाए गए हों। इनमें रहने वालों को न तो मिट्टी के स्पर्श का ज्ञान न उसकी खुशबू का एहसास और न रात को आसमान में तारे देख पाते हैं। न प्रकृति का आनंद उठा पाते हैं।

फिर भी इन फ्लैटों को खरीदने की होड़ लगी है। धीरे-धीरे शहरों में प्राणियों की भीड़ के साथ अनगिनत गाडिय़ों, कल-कारखानों से प्रदूषण इतना बढ़ता गया कि साल 2022 में दुनिया में आठवां सबसे प्रदूषित देश भारत रहा। चिंता की बात यह है कि भारत के लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 7 गुना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। रिपोर्ट में 2022 के प्रदूषण के आधार पर 131 देशों का आकलन किया गया जिसके अनुसार दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित 20 शहरों में 19 एशिया के हैं, इनमें 14 भारतीय शहर हैं। स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। दिल्ली में स्कूलों को बंद करना पड़ रहा है। वहां पर जहरीली हवा और स्मॉग के कारण सांस लेने में तकलीफ हो रही है। आंखों में जलन, फेफड़ों और दिल का आघात आदि कई भयंकर बीमारियां इस जहरीली हवा से पनप रही हैं। दिल्ली में एनसीआर प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम आदि में भी हालत बहुत खराब है। सर्दियों में पराली जलाने से यह समस्या और भी गंभीर होती जाती है। यहां तक कि समुद्र के किनारे के महानगर मुंबई आदि में भी यह प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। निःसंदेह हमारी अगली विद्वान पीढ़ी को कंपनियों में अच्छी-अच्छी नौकरियां मिल रही हैं और वे शहर की चकाचौंध छोडऩा नहीं चाहते, लेकिन इस जहरीली हवा में सांस लेने से तो अच्छा है कि वे अपने घर-गांव से जुड़े रहें और वहां आते रहें, जहां पर दूर तक फैला हुआ गगन और उसमें घटता-बढ़ता चंद्रमा, सप्तऋषि, ध्रुव तारे सहित न जाने कितनी आकाशगंगाएं आंख मिचौनी खेल रही हैं। वह घर का खुला आंगन और जिसके मध्य तुलसी तुम्हारे स्वागत में खड़ी तुम्हारी प्रतीक्षा कर रही है। हरे-भरे खेत जो कुछ सूखते जा रहे हैं, अपने भावी मालिक को याद कर रहे हैं। बैसाखी का मेला तुमने जिन कंधों पर चढक़र देखा था, वे कंधे आज तुम्हारे हाथों का सहारा ढूंढ रहे हैं।

**-कविता सिसोदिया**
**साहित्यकार**

## राशिफल

मार्गशीर्ष शुक्ल- पूर्णिमा | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाई, बहन, मित्रों, अपनों का साथ होगा। खासकर व्यावसायिक साथ होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम, व्यापारिक दृष्टि से सही समय कहा जाएगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
वृषभ राशि की स्थिति अच्छी कही जाएगी। किसी तरह की कोई प्रॉब्लम वाली बात नहीं है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
मन चिंतित और खासकर तन को लेकर के मन चिंतित है। प्रेम, संतान लगभग ठीक है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां अनुकूल हो चुकी है। धीरे-धीरे अच्छे दिनों की तरफ बढ़ रहे हैं आप, यात्रा में लाभ होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान भी मध्यम है। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी है। प्रेम, संतान थोड़ी दूरी वाली।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रु परास्त होंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुर्जूगों का आर्शीवाद मिलेगा। स्वास्थ्य मध्यम।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा। निर्णय सही नहीं ले पाएंगे, इसलिए थोड़ा रुककर के निर्णय लें। एक दो दिन टाल दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। यद्यपि भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी या विलासिता से संबंधित चीजों की खरीदारी संभव है।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव की लीला सुन भावविभोर हुए श्रोता

**जेवर ( चेतना मंच )।** जहांगीरपुर में श्रीमद् भागवत कथा में, भगवान् श्री कृष्ण जन्मोत्सव व नंदोत्सव की लीलाओं को सुनकर श्रोता भावविभोर हुए।

श्री राधा कृष्ण प्रचार मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को नंदोत्सव व भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा आचार्य श्री अतुल कृष्ण जी महाराज ने सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।



आचार्य अतुल श्री कृष्ण ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है।

कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर यजमान प्रदीप जी,अरविंद सिंह ,प्रधानाचार्य कुलभूषण शर्मा,संजीव शर्मा, कुवरसैन शर्मा,अशोक वर्मा, एडवोकेट दिव्यांक गौड़,भाजपा नेता हिमांशु कौशिक,मनोज सिंह,विनय शर्मा आदि सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्राधिकरण ने पांच सालों में यातायात पुलिस को नहीं दिया एक भी वाहन

## रंजन तोमर को मिला जवाब जून में 55 बोलेरो गाडी हस्तगत की गई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एक रोचक जवाब आरटीआई के माध्यम से नोएडा के अधिवक्ता एवं समाजसेवी रंजन तोमर को मिला है। जिसमें नोएडा प्राधिकरण से श्री तोमर ने पूछा था की पिछले पांच वर्षों में नोएडा प्राधिकरण ने पुलिस या ट्रैफिक पुलिस को कोई गाडी प्रदान की गई हैं। इसके जवाब में प्राधिकरण कहता है कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा गत पांच वर्षों में रुपए 52426311 की लागत से 55 बोलेरो गाडी नोएडा पुलिस को दिनांक 25/6/2023 को हस्तगत की गई।



यह वही पचपन गाड़ियां हैं जिन्हे नॉएडा हाट की पार्किंग में काफी दिनों तक पार्किंग में खड़े रखा गया था और मीडिया में इसकी खबर जंगल में आग की तरह फैली थी, इसके बाद ही इन्हे नॉएडा पुलिस को उचित समयानुसार हस्तगत किया गया।

इस जानकारी से कुछ सवाल जरूर खड़े हुए हैं। नोएडा पुलिस अब कमिश्नरेट बन चुकी है, ऐसे में प्रशाशन को सीधा नोएडा पुलिस को गाड़ियां मुहैय्या करवानी चाहियें, नोएडा प्राधिकरण और नोएडा पुलिस के अधिकारियों के बीच किसी प्रकार का लेन देन चाहे वह सरकारी स्तर पर ही हो इन दोनों विभागों के अफसरों को एक दूसरे की 'गुड बुक्स' में होने के लिए प्रेरित करता नजर आता है। हालाँकि पहले भी प्राधिकरण पुलिस को गाड़ियां आदि प्रदान करता आया है किन्तु उस समय कमिश्नरेट का गठन नहीं हुआ था।

आरटीआई के जवाब में प्राधिकरण यह भी कहता है की नोएडा ट्रैफिक पुलिस को एक भी गाडी हस्तगत नहीं की गई है , ऐसे में नोएडा की बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं हेतु इसका प्रावधान भी प्राधिकरण को करना चाहिए था।

# पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कल 11 मंडलों के 1073 बूथों पर भारत रत्न पूर्वप्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती सुशासन समरसता के रूप में मनाई। एक गोष्ठी का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की।

# आरआरएस प्रमुख मोहन भागवत ने बताया कि सनातन धर्म का असली अर्थ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरआरएस) के मुखिया मोहन भागवत ने सनातन धर्म का सही-सही अर्थ बता दिया है। उन्होंने सनातन धर्म की बड़ी ही सटीक व्याख्या की है। हरिद्वार के कनखल में दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव में मुख्य अतिथि रहे संघ (आरआरएस) प्रमुख मोहन भागवत द्वारा बताई गई सनातन की परिभाषा जानकर आप भी सनातन धर्म का ठीक से अर्थ समझ जाएंगे।



संघ (आरआरएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि सनातन का सीधा सा अर्थ है जो हमेशा था। जो हमेशा से मौजूद था वही सनातन है। उन्होंने कहा कि जो हमेशा से था और हमेशा रहेगा वही सनातन धर्म है। संघ प्रमुख ने जोर देकर कहा कि जो हमसे और हमारे समर्थकों से सनातन धर्म का अर्थ पूछते हैं उन्हें बस यही बताना है कि सनातन धर्म का अर्थ है कि जो धर्म हमेशा से था और हमेशा मौजूद रहेगा वही सनातन धर्म है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म दुनिया का सबसे पुराना धर्म है। जबसे सृष्टि की रचना हुई है तब से सनातन धर्म मौजूद है। सृष्टि के रहने तक सनातन धर्म मौजूद रहेगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही अकेला वह धर्म है जो सर्वे भवंतु सुखिन की बात करता है। इसका अर्थ यह हुआ कि सनातन धर्म ने हमेशा से सबके सुखी रहने की बात की है। सनातन धर्म के मानने वाले दुनिया में सभी को सुखी देखना चाहते हैं।

दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव में बोलते हुए संघ (आरआरएस) प्रमुख ने लम्बा व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान भाषण का विषय नहीं है। भाषण से ज्ञान नहीं आता है बल्कि धर्म के अनुसार आचरण करने से ज्ञान की स्थापना होती है। सनातन धर्म में भगवान राम जैसे मर्यादा पुरूषोत्तम ने जन्म लिया है। भगवान राम ने अपने आचरण से धर्म की स्थापना की थी।

भगवान राम के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर समाज के लिए उदाहरण पेश किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातनी की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने आचरण से सनातन धर्म के मूल तत्वों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ने हमें सत्य, करूणा, शुचिता और तपस्या जैसे अदभुत मार्ग बताए हैं। सनातन धर्म के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर दुनिया को सनातन धर्म की हर अच्छाई व सच्चाई से अवगत कराया जा सकता है। यदि सनातन धर्म को मानने वाले सभी लोग सबके कल्याण की कामना का पालन करते हुए अपने आचरण को सनातन धर्म के अनुरूप बनाकर उसका पालन करें तो दुनिया में सबका भला होगा। जब सबका भला होगा तो हमारा भी भला होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़ने से भारत एक दिन फिर से विश्व गुरू बनेगा।

इस अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने ने आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार को भी याद किया। उन्होंने कहा कि फल की इच्छा न करें। सनातन धर्म हमें बताता है कि अपना काम धर्म की मर्यादा के अनुरूप करते रहें फल देना ना देना भगवान के ऊपर छोड़ दें। जिस प्रकार आज संघ का दुनिया में मौजूद वैभव देखने के लिए डॉक्टर हेडगेवार मौजूद नहीं हैं। उसी प्रकार आपका, हमारा सबका सपना भारत को विश्व गुरू बनाने का है। उस दिशा में काम करते रहें। सनातन धर्म की शक्ति से एक दिन भारत अवश्य फिर से विश्व गुरू बन जाएगा। चाहे उसे देखने के लिए हम रहें या ना रहें।

# दीदी की रसोई ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को किया कपड़ा का वितरण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** दीदी की रसोई ट्रस्ट ने कल झुग्गी बस्ती सेक्टर-78 में गरीब, जरूरतमंद लोगों को निशुल्क साड़ी, शॉल, स्वेटर, जर्सी आदि कपड़ों का वितरण किया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा मौजूद रहे।

# भाकियू भानु के प्रदेश सचिव बने चौटाला



**जेवर ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन भानु की एक बैठक सोमवार को जेवर स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गयी जिसमें दर्जनों पदाधिकारियों ने भाग लिया ।

भाकियू भानु के राष्ट्रीय सचिव जयकुमार ने संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठित रहे और संगठन को मजबूत बनाने के लिये भाकियू भानु के मुखिया भानु प्रताप सिंह को मजबूत बनाये।

भाकियू भानु के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह से परामर्श करने के बाद राष्ट्रीय सचिव जयकुमार ने जेवर निवासी शिवकुमार चौटाला को संगठन का प्रदेश सचिव बनाने की घोषणा कर मनोनयन पत्र सौंपा।

इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों में डाक्टर जगमोहन शर्मा, राजीव गर्ग, आर्दश चौटाला, हेम दत्त समेत आदि मौजूद थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल की जयंती पर काव्य गोष्ठी का आयोजन



**भदोही।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कल काव्य गोष्ठी का आयोजन चित्रांगना लान मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नागेंद्र सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे तथा जनपद से आए हुए सभी कवि अपने-अपने काव्य के माध्यम से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला और काव्य के माध्यम से आपको जन्मदिवस पर याद करते हुए तमाम विषय को रखा।

कार्यक्रम में विद्याधर शुक्ला कोकील ने कहा भारत रत्न रहे अटल बिहारी जिनकी पराकाष्ठा अटल रहे अमर रहे आज उनके जीवन पर काव्य गोष्ठी में मुझे अपना काव्य करने का अवसर मिला दूसरी कड़ी में डॉ. सुरेश पांडेय जब किसी का नाम लिया जाएगा तो अटल जी का नाम जरुर याद आएगा। चाहे वो राजनीतिक हो, चाहे सामाजिक हो, चाहे जीवन पर हो, चाहे जीवन की इतिहास पर हो, अटल जी जरूर याद किए जाएंगे ऐसा विचार सुरेश पांडेय मंजुल ने कहा।

राजकुमार पाठक राष्टपति पुरस्कृत भी अपने काव्य के माध्यम से अटल की सराहना की और कहा अटल तेरा वैभव अमर रहे आप अमर रहे अमर रहे।

प्रतिमा शर्मा ने अपने विचार को व्यक्त किया और काव्य के माध्यम से अटल आप अटल हैं अमर है अटल हैं तेरा वैभव अमर रहे अटल है अटल है ।

जिला प्रभारी नागेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा आज देश की प्रधानमंत्री पूर्व अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के उपरांत तमाम सारे प्रदेशों में कार्यक्रम एक साथ किया जा रहा है इसी तरह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर जनपद भदोही में प्रभार होने के नाते यहां भी रखा गया जिस तरह से यहां के कवि काव्य के माध्यम से अटल के काव्य की विशेषता और उनके ऊपर अपना विचार व्यक्त किया। ऐसा प्रतीत हुआ कि अटल जो नाम था वह अमर है, अटल अटल रहे, आज उन्हीं के पदचिन्हों पर हम सभी लोग चलते हुए मां भारती को नमन करते हैं और आगे बढ़ते हैं।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किया और अटल के जीवन पर एक कविता गाकर जनपद वालों को मुख्य अतिथि के सामने अटल के सपनों को साकार किया इसी क्रम में उपस्थित संचालन कर रहे विनीत श्रीवास्तव काव्य के माध्यम से अटल की सराहना की और बहुत मजबूती से काव्य गोष्ठी को संपन्न करवाया।

इस अवसर पर सांसद रमेश बिंन्द पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे विधायक औराई दीनानाथ भास्कर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुरूध त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव हौसला प्रसाद पाठक संतोष पांडेय कन्हैयालाल मिश्र जिला महामंत्री रमेश पांडेर लालता प्रसाद सोनकर सत्यसिल गुप्ता संगीता खन्ना प्रदीप सिंह अखिलेन्दर सिंह बघेल चिंटू गोवर्धन राय मनीष पांडेय राजेंद्र पाल शिवम मृत्युंजय दीपक प्रियंका पूनम आदि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुजाना पहुंची संकल्प यात्रा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

गांव दुजाना और दुरियाई में कल विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गांव के लोगों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक तेजपाल नागर ने गाँव के लोगों को विकसित भारत बनाने के लिये शपथ दिलाई और कहा कि आज भारत विकसित होने के लिये आगे बढ़ रहा। देश के प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुखिया योगी जनता की कल्याणकारी योजनाओं से पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रहे है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख अप्रीत कौर, ग्राम प्रधान रणपाल, ओमपाल नागर, अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, मंडल के संयोजक राकेश शर्मा, नोडल अधिकारी अंबुज कुमार, जिला खाद उद्योग अखिलेश द्विवेदी, विक्रम सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकियू लोकशक्ति ने दिखाया शक्ति प्रदर्शन

**जेवर ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू लोकशक्ति के कार्यकताओं ने ट्रैक्टरो व कारो के काफिले के साथ शक्ति प्रदर्शन दिखाया। भाकियू लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह अपने काफिले के साथ गांव रायपुर पहुंचे जहां उन्होंने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की जेवर एयरपोर्ट में जा रही किसानों की भूमि का मुआवजा,विस्थापन नीति को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को घेरा व जेवर में आये दिन हो रहे हादसों को लेकर बाईपास रोड़ निकलवाने की मांग की जिससे होने वाले हादसों पर अंकुश लग सके। इस मौके पर प्रमोद शर्मा, मनोज भाटी, विनोद चौधरी, जतन खाजपुर, ओमवीर सिंह, अशोक, पप्पू गुर्जर, उदयभान समेत सैकड़ों की तादात में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 35 लाख का बकाया मांगने पर जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 में एक एक्सपोर्टर ने दो लोगों के खिलाफ काम करके पैसे ना देने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसके 35 लाख रुपए का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

फेस दो स्थित कंटीन्यूअस ड्राइंग एंड प्रिंटिंग मिल्स के मालिक आशीष अग्रवाल ने बताया कि कुछ समय पहले सेक्टर-63 के बी ब्लॉक में मैसर्स भाविका अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी चलाने वाले अरविंद गुप्ता तथा प्रदीप गुप्ता ने उनसे जॉब वर्क कराने के लिए संपर्क किया था। करीब 35 लाख रुपए का जॉब वर्क करने के बाद भी आरोपियों ने उन्हें भुगतान नहीं किया। इस पर उन्होंने जब अपने पैसे दिए जाने की मांग की तो कंपनी मालिक अरविंद गुप्ता ने धमकी भरे अंदाज में कहा कि वह उनका बकाया चुकाने के बजाय सिर्फ 5 लाख रुपए में उनकी हत्या तक करा सकता है। आशीष अग्रवाल के मुताबिक अरविंद गुप्ता ने कहा कि वह पैसे भूल जाए अगर उसने पैसे मांगे तो उसे तथा उसके परिवार को अंजाम भुगतना पड़ेगा। आशीष अग्रवाल के मुताबिक अरविंद गुप्ता की इस धमकी के बाद से वह तथा उनका परिवार बुरी तरह से सहमा हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ गबन तथा धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अटल व मालवीय जी की जयंती मनाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** युवा ब्राह्मण एवं स्वदेशी जागरण मंच संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री भारत रत्न प्रदेश अटल बिहारी वाजपेई व महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती नोएडा के बरौला में मनाई गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर के उपाध्यक्ष गिरीश कोटनाला, डा. सुधाकर मणि त्रिपाठी, मुरली मोहन ओझा, शेषमणि त्रिपाठी, आनंद कुमार तिवारी, मनोज शर्मा रहे।

इस दौरान संयोजक गिरीश कोटनाला ने कहा कि भारत माता की दो महान सपूतों की आज जयंती है। इस शुभ अवसर पर मैं दोनों विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। एक और जहां महामना मदन मोहन मालवीय ने आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की ,वहीं दूसरी ओर अटल बिहारी वाजपेई ने आजादी के पश्चात भारत को विकसित करने हेतु अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप दिया।

इस दौरान धर्मेंद्र नंदा, राकेश पांडे, सी एल शुक्ला, अमित शर्मा, राकेश झा, मनोज शर्मा, बेबी पाराशर, मोहित त्यागी, गोविंद कोरंगा, पूनम वर्मा, वंदना शर्मा, रेनू बाला शर्मा, दया लाखेड़ा, पुष्पा त्यागी, शिवम पाठक, उपेंद्र तिवारी, जेपी शर्मा, सरोज, रेखा, मालती आदि लोग मौजूद थे।

# सवारी के विवाद में ऑटो से कुचला, दो के खिलाफ मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सवारी बैठाने के विवाद में ऑटो चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर दूसरे ऑटो चालक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

ग्राम विचोला जनपद बदायूं निवासी भुवनेश ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई कुलदीप पुत्र नेपाल के साथ सूरजपुर चौराहे पर अपने टेंपो में सवारी बैठाने का इंतजार कर रहा था। इस दौरान वहां खड़ा एक अन्य टेंपो चालक उनके साथ सवारी बैठाने को लेकर गाली गलौज करने लगा। इस बात को लेकर उन्होंने जब विरोध किया तो ऑटो चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। इस दौरान ऑटो चालक ने उन्हें टक्कर मारने के लिए तेजी से अपना ऑटो बढ़ाया तो उसका भाई कुलदीप ऑटो पर लटक गया।

भुवनेश के मुताबिक कुछ दूर आगे जाकर ऑटो चालक ने ऑटो को जानबूझकर पलट दिया जिससे कुलदीप ऑटो के नीचे दब गया और उसे गंभीर चोटें आई। कुलदीप को बेहोशी की हालत में छोड़कर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। किसी तरह वह अपने भाई को लेकर अस्पताल पहुंचा और उसे उपचार के लिए भर्ती कराया।

थाना सूरजपुर प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर दोनों ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

## वंदे भारत के बाद अब चलेगी अमृत भारत ट्रेन, मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के बाद अब अमृत भारत ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है। लोग अब सामान्य ट्रेनों की तुलना में वंदे भारत से यात्रा करने को प्राथमिकता देने लगे हैं। इसकी वजह यह है कि ट्रेन में जो सुविधाएं मिल रही हैं, उससे यात्री बहुत खुश हैं। भले वंदे भारत से यात्रा करने में किराया थोड़ा ज्यादा लगता हो मगर समय की जरूरत बचत होती है। देश के अलग-अलग शहरों में वंदे भारत ट्रेनों के बिछते जाल के बीच अब अमृत भारत ट्रेन दस्तक देने जा रही है। अमृत भारत ट्रेन को आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। पहले महंगे किराए की वजह से जहां देश का निम्न वर्ग वंदे भारत से यात्रा करने में झिझकता था उसे अब अमृत भारत का विकल्प मिलने वाला है। जिसकी शुरुआत पीएम मोदी हरी झंडी दिखाकर करने वाले हैं। बता दें कि अमृत भारत ट्रेन की शुरुआत बिहार से होने जा रही है। पूर्व मध्य रेल के हाजीपुर मुख्यालय में इसे लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। मुख्यालय की ओर इस नई ट्रेन के स्वागत को लेकर तैयारियां चल रही हैं। अमृत भारत 22 बोगियों वाली ट्रेन होगी। इसमें एसी कोच के बजाय सभी कोच स्लीपर और जनरल होंगे। मगर, बाकी सुविधाएं कहीं भी वंदे भारत से कम नहीं होने वाली हैं। ट्रेन की बोगियों में सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। इसमें मॉडर्न टॉयलेट, सेंसर वाले वाटर टैप के साथ गॉर्ड और मेट्रो की तरह अनाउंसमेंट सिस्टम भी होगा। इस तरह ये खूबिया अमृत भारत ट्रेनों को बहुत खास बनाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को हरी झंडी दिखाकर अमृत भारत ट्रेन को रवाना करेंगे। यह ट्रेन बिहार के दरभंगा से अयोध्या होते हुए नई दिल्ली जाएगी। अमृत भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन है। यह रफ्तार के मामले में राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों को टक्कर देगी। अमृत भारत ट्रेन की 130 किमी प्रति घंटा की अधितकतम गति से चलेगी। किराया वंदे भारत ट्रेनों की तुलना में इसे कम रखने का फैसला लिया गया है।

## कुनो के जंगल से भागा नर चीता, राजस्थान में होने की संभावना

कूनो। मप्र के कूनो नेशनल पार्क से एक चीते के भागने की खबर आ रही है। यह चीता राजस्थान की ओर भागा है। बता दें कि यहां खुले जंगल में चीतों को आजाद किया गया था। अब बड़ी जानकारी सामने आई है कि यह चीते अब खनन के जंगलों की सीमा को लांघ रहे हैं और दूर दराज के इलाकों में पहुंच रहे हैं। इसी बीच कुनो नेशनल पार्क के जंगल में छोड़े गए चार चीतों में से एक यानी अग्नि नाम का चीता दोनों नेशनल पार्क के जंगल से बाहर निकल कर पोहरी इलाके से होते हुए रतनगढ़ इलाके में पहुंच चुका है। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि के बीच, श्योपुर में कूनो राष्ट्रीय उद्यान की सीमाओं से चीता अग्नि के भागने से वन्यजीव अधिकारियों के बीच गहरी चिंता पैदा हो गई है। ये अधिकारी अब स्थिति को संभालते हुए नई रणनीति बना रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अग्नि के लापता होने के चार दिन बीत जाने के बावजूद उसकी वापसी का कोई सुराग नहीं मिला है। हाल की जानकारी राजस्थान सीमा के निकट वन क्षेत्र में उसके ठिकाने की ओर इशारा करती हैं। अधिकारियों ने चौबीसों घंटे सतर्क रहते हुए निरंतर निगरानी अभियान तेज कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि अगर अग्नि राजस्थान की ओर आगे बढ़ता है तो उसे शांत करने की योजना बनाई जा रही है। संचालन समिति ने प्राथमिकता के तौर पर अग्नि और वायु के बीच शीघ्र पुनर्मिलन की सलाह दी है। चीता अग्नि के भागने की कहानी 17 दिसंबर को कुनो नेशनल पार्क के अधिकारियों द्वारा अग्नि और वायु दोनों को एक सुरक्षित बाड़े से खुले जंगल में छोड़े जाने के बाद शुरू हुई। अपनी रिहाई के बाद, दोनों अलग हो गए, वायु ने कुनो जंगल की सीमा के भीतर रहने का विकल्प चुना। शुरुआत में पिछले शनिवार को पोहारी क्षेत्र के पास बफर जोन में इसे देखा गया था, अग्नि का हालिया ठिकाना रीची गांव के पास जंगल के आसपास हो गया है। विशेष रूप से, राजस्थान में केलवाड़ा और सीताबाड़ी जैसे क्षेत्र अग्नि के वर्तमान स्थान के करीब बना हैं।

## पाकिस्तान ने 5 दिनों में दिया तीन साजिशों को अंजाम

जम्मू। पाकिस्तान लगातार बॉर्डर पर साजिशों को अंजाम देने में जुआ हुआ है। जिसका हालिया उदाहरण जम्मू कश्मीर में देखने को मिला जब यहां तीन साजिशों को अंजाम दिया गया। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 के हटने के बाद से ही यहां विकास की बयार तेजी से बह रही है। जम्मू कश्मीर में अमन का परचम फैला हुआ है जो पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है। घाटी में लंबे अरसे से टारगेट किलिंग भी हुई है हालांकि कुछ दिनों से इस तरह के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है जिसे सीमा पार से अंजाम दिया जा रहा है। बता दे की 21 दिसंबर को ही पूंछ में सेना के दो वाहनों को आतंकवादियों ने निशाना बनाया था। आतंकवादियों द्वारा अंजाम दी गई इस घटना में चार जवान शहीद हुए थे जबकि तीन घायल हो गए थे। इस दौरान आतंकियों ने जवानों के हथियार भी लूटे थे। बता दें कि इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्करी तैयबा से संबंधित पीपुल्स एंटी फासिस्ट फंट ने ली थी। जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षाबलों ने शनिवार तड़के यहां घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया था।

# कोरोना पर नई रिसर्च में खुलासा- जेएन.1 वायरस से जा सकती है आवाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना ने एक बार फिर पूरे देश में हड़कंप मचा दी है। इस पर हो रहे शोध में एक और नया खुलासा हुआ है। जिसमें कहा गया है कि जेएन.1 वायरस से प्रभावित व्यक्ति की आवाज भी जा सकती है।जनरल पेडियाट्रिक में एक रिसर्च सामने आई है। जिसमें पता लगा है कि कोरोना संक्रमण गले को भी संक्रमित करता है, इतना ही गले की आवाज तक जा सकती है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इसे वोकल कॉर्ड पैरालिसिस कहा जाता है। इसमें आपके वोकल हिस्से प्रभावित होते हैं। संक्रमण की स्थिति में आप धीरे-धीरे बोलने की क्षमता खो देते हैं। यह बेहद खतरनाक है।

जीएनसीटीडी मंत्री (स्वास्थ्य) सौरभ भारद्वाज ने नवंबर-2023 के दौरान चीन में बच्चों में निमोनिया सहित श्वसन रोगों के मामलों में वृद्धि को देखते हुए 30 नवंबर को श्वसन चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ एक बैठक बुलाई थी। जिसमें आरटी पीसीआर द्वारा निमोनिया के गंभीर मामलों के परीक्षण करने, नमूनों का विवरण बनाए रखने और एंटी-वायरल दवाओं का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने पर एसओपी जारी की गई। इसमें विभिन्न मापदंडों पर तैयारियों का आकलन करने के लिए 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी।कोरोना के खतरे को देखते हुए 20 दिसंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी सभी स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक बुलाई। बैठक में कोविड परीक्षण करने और अस्पतालों की हर तीन महीने में मॉक ड्रिल पर बात की गई।

बता दें कि कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गोवा के कुछ हिस्सों में इस नए संक्रमण ने तेजी से लोगों को बीमार किया है। ओमीक्रॉन के इस नए सब-वेरिएंट जेएन.1 के साथ कोरोना एक बार फिर दस्तक जरूर दे चुका है लेकिन, एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे मौत के मामले और अस्पतालों में भर्ती लोगों की संख्या में उतनी बढ़ोत्तरी नहीं हुई जो डेल्टा वैरिएंट के समय पर थी। लेकिन, इस बीच कोरोना को लेकर सबसे नई रिसर्च ने सभी को चौंका दिया है। पता लगा है कि इस खतरनाक वायरस से न केवल स्वाद और गंध बल्कि गले को भी बेहद नुकसान हो सकता है। एक केस में 15 साल की एक लड़की ने कोरोना वायरस के चलते अपनी आवाज गंवा दी।

## तेजस्वी यादव बोले- बिहार-यूपी के लोग नहीं जाएंगे तो दूसरों राज्यों की जिंदगी ठप हो जाएगी

पटना। बिहार के डिप्टी सीएम ने कहा कि अगर वो कहते कि कुछ विशेष जाति के लोग ही नाला साफ कर रहे हैं। यूपी और बिहार के लोग दक्षिड़ में इस तरह का काम करते हैं तो ये निंदनीय है। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को लेकर डीएमके नेता दयानिधि मारन के विवादित बयान पर बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया आई है। तेजस्वी ने डीएमके सांसद के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बिहार-यूपी के मजदूर लोगों की डिमांड होती है और अगर वो न जाएं तो दूसरों राज्यों की जिंदगी ठप हो जाएगी। करुणानिधि की पार्टी डीएमके सामाजिक न्याय में विश्वास करती है। अगर उनके दल के कोई भी नेता बिहार और यूपी के बारे में कुछ भी बोले हैं तो ये बहुत निंदा करने वाली बात है। इससे



हमलोग सहमत नहीं हैं। बिहार और यूपी के मजदूर लोगों की पूरे देश में डिमांड होती है। अगर वो न जाएं तो दूसरे राज्यों की जिंदगी ठप हो जाएगी। ये बात लोगों को समझनी चाहिए। बिहार के डिप्टी सीएम ने कहा कि अगर वो कहते कि कुछ विशेष जाति के लोग ही नाला साफ कर रहे हैं तो एक बात होती कि एक जाति के लोग ही नाला साफ क्यों कर रहे हैं। उनका कहना है कि यूपी और बिहार के लोग आकर हमारे यहां इस तरह का काम करते हैं तो ये निंदनीय है। इसलिए हम सब लोग इसकी निंदा करते हैं। इस तरह के बयान से दूसरे राज्यों के नेताओं को चाहे कोई भी दल में हो बचना चाहिए।

# बीजेपी के राष्ट्रवाद से मुकाबला करने विपक्ष को ढूंढना होगा मोदी का विकल्प

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्ष अपने सियासी वजूद को बचाने के लिए पिछले कुछ सालों से लगातार संघर्ष कर रहा है। टुकड़ों-टुकड़ों में कभी छोटी-मोटी सफलता भी मिली। लेकिन 2023 में भी विपक्ष के सामने कई अनसुलझे सवाल शेष रहे। जानकारों के अनुसार बीजेपी के राष्ट्रवाद का मुकाबला करने के लिए तथा मोदी के चहरे का विकल्प तलाशने के लिए विपक्ष को काफी मशक्कत करनी होगी। विपक्ष के सामने सबसे बड़ा अनसुलझा सवाल है कि वह नरेंद्र मोदी की अगुआई में बीजेपी के नैरेटिव को किस तरह काउंटर करे। खासकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद करने के लिए कुछ करना होगा। बता दें कि पिछले कुछ सालों में इन दोनों मसलों पर बीजेपी बहुत मजबूत हुई है और आए दिन ऐसी घटनाएं भी हुईं जो इस नैरेटिव को स्थापित रखने में मददगार बनी। अब नए साल की शुरुआत में ही 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। विपक्ष बीजेपी की इस कोर पिच में कैसे सेंध लगाए इसका सियासी फॉर्म्युला अब तक नहीं खोज पाया है। कभी सॉफ्ट हिंदुत्व का प्रयोग कर तो कभी अपना राष्ट्रवाद सामने लाकर जरूर इसे काउंटर करने की कोशिश जरुरी हुइ है लेकिन सफलता विपक्ष को नहीं मिली।



चुनाव विश्लेषक यशवंत देशमुख की मानें तो अभी की सियासी परिस्थिति में जनमानस के बीच इन दोनों नैरेटिव में जब तक राजनीतिक दल अपनी भी स्वीकार्यता नहीं बढ़ाएंगे तब तक उनके सामने चुनौती बनी रहेगी। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुआई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। ये साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इं?डिया गठबंधन भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। चुनाव विश्लेषक आशीष रंजन बताते हैं कि अगर पिछले कुछ सालों की मिसाल देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे जीत मिली।

विपक्ष ने लेकिन केंद्र में आकर ऐसा नहीं किया है, इसमें वह विफल रहा है। अभी 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। जबकि तमाम आंकड़े बताते हैं कि आजकल वोटर चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे सवाल की तलाश सबसे अधिक है। विपक्ष अब तक बीजेपी के सामने अपना समानांतर अजेंडा भी नहीं रख पाया। न विचारधारा के रूप में भी अपनी बात को रख पाया। ये दो ऐसे मोर्चे हैं जहां विपक्ष खासकर कांग्रेस उलझा हुआ है। बीजेपी ने हाल के दिनों में संगठन के स्तर पर अभूतपूर्व काम किया है। साथ ही लगातार जमीन-संगठन पर अलग-अलग तरीके से काम करने की मंशा भी दिखाई। जानकारों के अनुसार बीजेपी की ऊर्जा-संगठन की ताकत ने भी देश की राजनीति में पार्टी को आज इस मजबूत स्थिति में खड़ा किया है। विपक्ष पर अक्सर सिर्फ चुनाव के समय जगने का आरोप लगता रहा है। विपक्ष बीजेपी के इस ऊर्जा को किस तरह काउंटर करे? जमीन पर संगठन को किस तरह खड़ा करे? पार्टी मशीनरी को किस तरह विकसित करे? इन तमाम अनसुलझे सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश कर रहा है लेकिन कोई विपक्षी दल इसका सामना नहीं कर पाया है।

## सुशासन दिवस पर बोले सीएम योगी हर एक स्थिति में काम कर लेते थे अटलजी



**लखनऊ (एजेंसी)।** हिंदुस्तान की राजनीति में स्थायित्व कैसे होना चाहिए और स्थिर सरकारें देश के लिए किस प्रकार उपयोगी होती हैं, इसकी शुरुआत भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 1998 से की। वही परंपरा आज भी चल रही है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती की पूर्व सन्ध्या पर आयोजित 'अटल गीत गंगा' कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा,'वाजपेयी राजनीति के ऐसे अजातशत्रु थे, जिनमें सम और विषम दोनों परिस्थितियों में कार्य करने की अद्भुत क्षमता थी। उनका व्यक्तित्व ऐसा था, जो घरेलू व वैश्विक मोर्चे पर सफलतापूर्वक अपनी राह बनाता गया। उन्होंने कहा, 'भारत की राजनीति में स्थायित्व कैसे होना चाहिए तथा स्थिर सरकारें देश के लिए किस प्रकार उपयोगी होती हैं, इसकी शुरुआत अटल जी ने वर्ष 1998 से की। वही परंपरा आज भी चल रही है। मूल्यों और आदर्शों के साथ प्रतिबद्धता से जनता-जनार्दन की सेवा की जा सकती है और भारत में विकास के बड़े-बड़े कार्यक्रमों को लागू किया जा सकता है, यह अटलजी ने अपने जीवन में करके दिखाया।' इस अवसर पर कवि कुमार विश्वास ने कविता पाठ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय राजनीति को दिशा दी। उन्हें राजनीति का लम्बा अनुभव था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ मिलकर उन्होंने भारत की भावी राजनीति की रूपरेखा तैयार की थी। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी आधारशिला पर नये भारत के भव्य भवन का नया स्वरूप हम सभी देशवासी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्राम पंचायत, विकास खंड, विधानसभा, मंडल तथा राज्य स्तर पर वाजपेयी की जयन्ती के शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रमों को भव्यता से आयोजित कराएगी। इसके माध्यम से स्थानीय लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव से लेकर प्रदेश स्तर पर अटल जी की स्मृति में कवि सम्मेलन प्रारम्भ होने चाहिए।

## पृष्ठ एक के शेष....

**'वेंडर्स पर कार्रवाई हुई...**

उक्त बाजार के वेंडर्स का सत्यापन कर लाइसेंस देकर वेंडिंग जोन में स्थापित किया जाए और जब तक यह कार्रवाई पूरी नहीं होती है उन्हें मौजूदा स्थान पर कार्य करने दिया जाए।

सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहां की यदि प्राधिकरण द्वारा बाजार को लगने से आज फिर रोका जाएगा तो हम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

**दो घरों से लाखों...**

घर लौटी तो उसे बेडरूम में रखी आलमारी खुली हुई तथा सामान बिखरा हुआ मिला उसने जब अलमारी में रखा सामान चेक किया तो पता चला कि चोर अलमारी में रखे 85000 रूपये तथा लाखों रुपए के सोने और डायमंड की ज्वेलरी को चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने बताया कि उसके फ्लैट की एक चाबी भी गायब है। थाना फेस 2 प्रभारी ने बताया कि सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

वहीं थाना बिसरख के ग्राम हैबतपुर निवासी विद्याकांत द्विवेदी ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि बीते दिनों उसकी भाभी का देहांत हो गया था। जिस कारण वह अपने घर को ताला लगाकर पैतृक घर प्रयागराज चला गया था। 24 दिसंबर की रात्रि को अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़ तोड़कर नगदी जेवरात व कीमती सामान चोरी कर लिया। पड़ोसी ने घर का ताला टूटा देखकर उन्हें सूचना दी। जिसके बाद वह प्रयागराज से वापस लौटे।

**दो युवकों ने फांसी...**

वहीं थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के हबीबपुर गांव में किराए पर रहने वाले युवक ने चौहानपुर गांव के जंगल में फांसी लगा ली। थाना प्रभारी ने बताया कि बीती शाम एक कंपनी के सुरक्षा गार्ड ने सूचना दी कि चौगानपुर गांव के जंगल में पेड़ पर एक युवक का शव लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर उसकी पहचान कराई तो उसकी शिनाख्त लखीमपुर खीरी निवासी (26 वर्षीय) पवन कुमार पुत्र रामकुमार वर्मा के रूप में हुई। पवन कुमार अपने भाई के साथ हबीबपुर गांव में किराए पर रह रहा था। सोमवार की दोपहर को वह अपने भाई से लखीमपुर खीरी जाने की बात कहकर घर से निकला था।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पवन कुमार जिस कंपनी में काम करता था वह कंपनी बंद होने वाली थी। उन्होंने आशंका जताई कि संभवता नौकरी छूटने के कारण पवन कुमार तनाव में था और संभवता उसने इसी कारण आत्महत्या की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

**निर्माणाधीन फैक्ट्री से...**

सोमवार को वह सेक्टर-10 में एक निर्माणाधीन फैक्ट्री में काम कर रहा था। काम करने के दौरान वह ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। विनोद कुमार को गंभीर स्थिति में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान विनोद कुमार की मौत हो गई। इस घटना के बाद साइट पर काम कर रहे साथी मजदूरों में रोष व्याप्त हो गया।

मजदूरों का कहना था कि ठेकेदार व इफेक्टिव मालिक द्वारा कंस्ट्रक्शन साइट पर सुरक्षा के कोई भी इंतजाम नहीं किए गए हैं। जिस कारण यह हादसा हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर विनोद कुमार का भाई मौके पर पहुंचा और उसने ठेकेदार व कंपनी मालिक के खिलाफ लापरवाही से दुर्घटना कर मृत्यु करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**बोर्ड बैठक के...**

इसी दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट बेस) के आधार पर काम करने वाले दर्जनों कर्मचारी प्राधिकरण परिसर में एकत्र हो गए और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हंगामा करने वाले इन कर्मचारियों का कहना था कि कुछ समय पहले शासन ने प्राधिकरण में अनुबंध के आधार पर काम करने वाले कर्मचारियों की सूची मांगी थी, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारियों ने केवल उन्हीं कर्मचारियों के नाम सूची में शामिल करके शासन को भेजे हैं, जो या तो रिश्तेदार हैं अथवा अधिकारियों के करीबी हैं।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों और मैनेजमेंट में काम करने वाले लोगों ने अपने करीबियों व रिश्तेदारों के नाम शासन को भेजे हैं। जबकि, वह काफी लंबे समय से तैनात हैं। उसके बावजूद उनके नाम शासन को नहीं भेजे गए। कर्मचारियों का मानना है कि बड़े अधिकारियों से जो सूची मांगी गई है, उनको परमानेंट किया जाएगा। इसी वजह से यह कर्मचारी हंगामा कर रहे हैं। इनका कहना है कि अगर परमानेंट किया जाए तो सबसे पहले उनका नाम जाए। क्योंकि वह काफी लंबे समय से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में काम कर रहे हैं।

**सड़क हादसों में...**

ट्रक को जब्त कर लिया गया है। वहीं आज सुबह थाना सूरजपुर क्षेत्र के घंटा चौराहे पर तेज गति में आ रहे ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्वालियर निवासी दीपक शर्मा पुत्र महेश प्रसाद के रूप में हुई। दीपक शर्मा हाल में शाहबेरी गांव में रह रहा था और एक निजी कंपनी में नौकरी कर रहा था। आज सुबह वह अपनी बाइक से ड्यूटी के लिए कंपनी जा रहा था। इस दौरान वह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

**साइबर ठगों ने खाते से**

जरूरी जानकारियां भरने को कहा। मोहन सिंह के मुताबिक उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसके खाते से तीन बार में 98999 रुपए निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उसे पैसे निकालने का पता चला। पीड़ित के मुताबिक उसके सभी एटीएम कार्ड उसके पास थे और ना ही उसने कोई ओटीपी किसी के साथ शेयर किया। ठगी का एहसास होने पर उसने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया तो वह स्विच ऑफ मिला। इसके बाद उसने साइबर सेल में अपनी शिकायत दर्ज कराई।

पीड़ित ने बताया कि उसके खाते से कोटक महिंद्रा बैंक तथा बैंक केनरा बैंक के एक खाते में पैसे ट्रांसफर हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात साइबर तक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए खाता नंबरों के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में सर्विलांस सेल का भी सहारा लिया जा रहा है।

**196 बंडल कॉपर के...**

लिए साइट पर अलग-अलग स्टोर बनाए गए हैं। प्रोजेक्ट की सिक्योरिटी का कांट्रेक्ट एसएलवी सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। उन्होंने बताया कि 11 नवंबर की रात्रि को साइट के स्टोर से 196 बंडल कॉपर तार चोरी हो गए। चोरों ने साइट की बिजली काट कर यहां लगे सीसीटीवी कैमरा को बंद कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना वाले दिन साइट पर गार्ड डंबर सिंह और सुनील कुमार की ड्यूटी थी। नाइट शिफ्ट के सिक्योरिटी सुपरवाइजर गौरव कुमार ने उन्हें चोरी की जानकारी दी थी। स्टोर रूम से चोरी हुए इलेक्ट्रिक वायर बंडल की कीमत लाखों रुपए है। थाना प्रभारी में बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**बाइक सवार बदमाशों...**

खरीदारी कर वह जैसे ही माल से बाहर आए तो पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उनकी पत्नी के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन छीन ली। इस घटना को होता देखकर उन्होंने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन दोनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। मोहित गुर्जर ने पुलिस को बाइक नंबर भी उपलब्ध कराया है। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश करने का दावा कर रही है। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

**कार टच होने पर...**

विरोध किया तो कार के शीशे तोड़ दिए और उनके साथ मारपीट करने लगे। किसी तरह वह जान बचाकर वहां से कार लेकर भागे। इस दौरान बाइक सवार युवक लगातार उनका पीछा करते रहे। संदीप कुमार के मुताबिक वह अपनी कार लेकर चेरी काउंटी समिति के भीतर पहुंच गए। उनके पीछे-पीछे ही चार युवक भी सोसाइटी में जबरन आ धमके और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होता देखकर गेट पर तैनात गार्ड व अन्य लोगों ने किसी तरह उन्हें हमलावर युवकों के चंगुल से छुड़ाया और चारों युवकों को दबोच लिया। इसके बाद थाना बिसरख पुलिस को सूचना दी गई। चारों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के नाम अभय तिवारी पुत्र मनोज तिवारी, आकाश शर्मा पुत्र राकेश शर्मा, हर्ष शर्मा पुत्र राकेश शर्मा तथा विशाल गुप्ता पुत्र उपेंद्र गुप्ता है आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## 6 ट्यूबवेल मोटर से तार चोरी करने वाले दो चोर दबोचे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** खेतों में लगे ट्यूबवेल से बिजली की मोटर से तांबे के तार चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को थाना जारचा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो चाकू व चोरी का बिजली का तार बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कलौंदा गांव की तरफ भट्टे के पास तीन चोर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारकर तीनों चोरों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से दो चाकू व तांबे का तार बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजेंद्र पुत्र जगदीश, पिंटू पुत्र जगदीश तथा सागर पुत्र ओम निवासी ग्राम गेसूपुर थाना सिकंदराबाद जनपद बुलंदशहर बताया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बीते 11 नंबर की रात्रि को कलौंदा गांव के पास खेतों से 6 मोटर को तोड़कर तार चोरी किया था। कुछ तार को उन्होंने कबाड़ी को बेच दिया था। आरोपियों ने खेतों में लगी ट्यूबवेल की मोटर तोड़कर तार चोरी करने की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## बदमाश के पिता समेत तीन पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** लूट के मामले में वांछित चल रहे शातिर बदमाश को शरण देने के मामले में बदमाश के पिता व दो पड़ोसियों के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना बिसरख में तैनात उप निरीक्षक नवजीत सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह लूट तथा जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे पवन पुत्र सतीश निवासी ग्राम बाडपुरा की तलाश में दबिश देने के लिए उसके गांव पहुंचे। दबिश के दौरान आरोपी पवन पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। आसपास के लोगों से भी उसके बारे में पूछताछ की गई लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिली। इस दौरान मुखबिर से पता चला कि पवन का पिता सतीश भाटी व उसका पड़ोसी दिनेश तथा तरुण पुत्र किरण पाल लुटेरे पवन को आश्रय दे रहे हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना बिसरख में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो बदमाश गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से घूम रहे दो शातिर बदमाशों को थाना बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की बाइक तथा तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो बदमाश चोरी की बाइक पर सवार होकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हैबतपुर टी पॉइंट पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान महागुन मायवुड सोसायटी की तरफ से स्प्लेंडर बाइक पर आ रहे दो युवकों को जांच के लिए रुकने का इशारा किया गया। पुलिस कर्मियों को देखकर बाइक सवार युवकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन दोनों को पुलिसकर्मियों ने दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मोहसिन पुत्र अनिशुद्दीन निवासी जावली व देव वत्स पुत्र रविंद्र शर्मा निवासी सरस्वती कुंज गौर सिटी-2 बताया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने उक्त बाइक ईटेडा गांव से कुछ माह पूर्व चोरी की थी। आरोपी चोरी की बाइक पर सवार होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की गई पड़ताल कर रही है।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका पहला टेस्ट आज से, जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** भारतीय टीम मंगलवार को बाक्सिंग डे पर यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत से शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम ने आज तक दक्षिण अफ्रीका में कोई सीरीज नहीं जीती है। भारतीय टीम ने अपने इस दौरे मे यहां एकदिवसीय सीरीज जीती है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसका भी भारतीय टीम को लाभ होगा। भारतीय टीम ने अब तक साल 1992 से लेकर दक्षिण अफ्रीका में आठ सीरीज खेलीं हैं पर उसे एक में भी जीत नहीं मिली। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम यहां सीरीज में जीत दर्ज कर एक अहम उपलब्धि हासिल करना चाहेगी। ये सीरीज विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होने के कारण भी अहम है। इस मैच में बारिश की आशंका है और अगर ऐसा हुआ तो तेज गेंदबाज मैच पर हावी हो जाएंगे और बल्लेबाजों के लिए खेलना कठिन हो जाएगा।

सेंचुरियन के मैदान पर पिच से तेजी और असमान उछाल मिलती है जिसमें बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। ऐसे में यहां भारतीय बल्लेबाजों को संयम से खेलना होगा। रोहित के पास ये सीरीज जीतकर दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का ये अच्छा अवसर है।

दक्षिण अफ्रीका में इससे पहले भारतीय टीम को मोहम्मद अजहरुद्दीन , सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली की कप्तानी में हुए दौरों में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद राहुल द्रविड़, महेन्द्र सिंह धोनी और विराट कोहली की कप्तान में भारतीय टीम को यहां टेस्ट में तो जीत मिली पर सीरीज भारतीय टीम हार गयी। विराट कोहली सहित कुछ अनुभवी क्रिकेटरों का यह दक्षिण अफ्रीका का अंतिम दौरा हो सकता है और ऐसे में वे यहां बेहतर प्रदर्शन में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।

वहीं दूसरी ओर टेम्बा बावुमा की कप्तानी में उतर रही मेजबान दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। उसके पास कैसिगो रबाना और लुंगी एनगिडी सहित कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो भारतीय बल्लेबाजों को मुश्किल में डाल सकते हैं। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की असली परीक्षा कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और गेराल्ड कोएत्ज़ी जैसे गेंदबाजों के सामने होगी। वहीं इसी प्रकार शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे युवा बल्लेबाजों को भी कठिन हालातों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहना होगा।




वहीं शॉर्ट पिच गेंद अय्यर की कमजोरी मानी जाती रही हैं और उन्हें इससे पार पाने के लिए विशेष प्रयास करना होगा। वहीं मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि यशस्वी और शुभमन अपनी शैली में बदलाव न करते हुए हालातों के अनुसार बल्लेबाजी करें। द्रविड़ ने कहा, 'हम खिलाड़ियों को उस तरीके से खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिसमें वह सहज महसूस करते हैं पर उनको परिस्थितियों को भी ध्यान में रखना होगा। दक्षिण अफ्रीका में उन्हें एक रणनीति के तहत उतरना होगा।

भारत टीम का प्रदर्शन कप्तान रोहित शर्मा , विराट कोहली के अलावा उसपर अधारित करेगा कि टीम अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी की कमी को कैसे पूरा करती है। शमी की जगह मुकेश कुमार या प्रसिद्ध कृष्णा में से किसी एक को अवसर मिल सकता है।

वहीं मेजबान टीम के पास बावुमा, डीन एल्गर, स्टाइलिश एडेन मार्कराम, युवा टोनी डी जोरजी और कीगन पीटरसन जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं जिनपर भारतीय गेंदबाजों को अंकुश लगाना होगा। एल्गर इस सीरीज के बाद संन्यास लेंगे। इसलिए वह इसमें अहम भूमिका निभाना चाहेंगे। इस मैच में केएल राहुल के पास ही विकेटकीपर की जिम्मेदारी रहेगी। अब देखना है कि वह टेस्ट में विकेटकीपिंग करते हुए कितने सफल रहते हैं। इस मैच में अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को शायद ही अवसर मिले क्योंकि इस पिच पर तेज गेंदबाजों को ही अधिक अवसर मिलता है।

## पेशेवर खिलाड़ी निराशा से जल्द से जल्द उबरने की कला जानते हैं : द्रविड़



**सेंचुरियन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिग डे पर शुरु रहे टेस्ट मैच से पहले कहा कि पेशेवर खिलाड़ी निराशा से जल्द से जल्द उबरने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं। द्रविड़ ने ये बात ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप फाइनल में मिली हार को लेकर कही क्योंकि केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी उसे मैच के बाद पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने उतरेंगे। द्रविड़ ने कहा कि वह दिल तोड़ने वाली हार थी पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको तेजी से आगे बढ़ना पड़ता है और हमारे सामने एक और अहम श्रृंखला है और यह सभी श्रृंखलाएं आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने को लेकर अहम होती हैं।द्रविड़ के अनुसार फाइनल की हार को स्वीकार करना आसान नहीं है पर सभी खिलाड़ी जानते हैं कि उसी को लेकर बैठने से आने वाले समय में परेशानियां बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि आपके पास निराशा में डूबे रहने के लिए समय नहीं होता। आपको उससे उबरकर आगे बढ़ना होता है और हमारे खिलाड़ियों ने ऐसा बहुत अच्छी तरह से किया है। हम निराश थे पर अब हम उससे आगे बढ़ गये हैं। मुझे लगता है कि हमारी एकदिवसी टीम ने इस दौरे में अच्छा प्रदर्शन किया है।

द्रविड़ ने कहा कि खिलाड़ी निराशा से उबरकर आगे बढ़ने में कुशल होते हैं क्योंकि उन्हें बचपन से ही ऐसा करना सिखाया जाता है। आपको इससे बाहर निकलना होता है क्योंकि आप लंबे समय तक निराशा के साथ नहीं जी सकते हैं। भारतीय टीम ने आज तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है और ऐसे में भारतीय टीम को लक्ष्य यहां जीत दर्ज करना रहेगा। द्रविड़ ने साथ ही कहा कि दक्षिण अफ्रीका के विकेट इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की तुलना में अलग होते हैं। इसलिए टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के लिहाज से देखें तो यहां खेलना आसान नहीं होता है पर हमने यहां पूर्व में अच्छा प्रदर्शन भी किया है।

## मोहम्मद शमी के रिप्लेसमेंट पर बावुमा परेशान, जो आएगा टेंशन ही देगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा मोहम्मद शमी के रिपेलेसमेंट को लेकर काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि शमी की जगह जो भी आएगा, वह टेंशन ही देगा। गौरतलब है कि बावुमा ने भारत के खिलाफ दो मैच की टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया की जमकर तारीफ की है। इस तारीफ में कहीं ना कहीं थोड़ा डर भी दिखाई दे रहा है। बावुमा का कहना है कि इस सीरीज में जरूर भारत को मोहम्मद शमी की कमी खेलेगी, मगर जो भी खिलाड़ी उन्हें प्लेइंग 11 में रिप्लेस करेगा वो साउथ अफ्रीका को परेशान कर सकता है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की चोट के कारण मंगलवार, 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। शमी की जगह प्रसिद्ध कृष्णा या मुकेश कुमार को अंतिम प्लेइंग 11 में शामिल किया जा सकता है। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब बावुमा से शमी की अनुपस्थिति के प्रभाव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा क्रिकेटर के रूप में आप सर्वश्रेष्ठ का सामना करना चाहते हैं और मोहम्मद शमी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं और हममें से अधिकांश लोग उनका मुकाबला करने के लिए उत्सुक होंगे। लेकिन भारत तो भारत है, और उनके पास जो गहराई है, आपको भरोसा करना होगा कि जो भी आएगा वह आप पर दबाव डालेगा। उन्होंने आगे कहा कि घरेलू परिस्थितियों के कारण, हम अपनी टीम के फायदे को समझते हैं, आप हमसे बेहतर अनुकूलन की उम्मीद करेंगे मगर भारतीय गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है, भले ही इसमें जाहिर तौर पर शमी नहीं हैं।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट: भारत की वनडे और टी20 स्क्वॉड का ऐलान




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच 28 दिसंबर से तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज होगा। इसके बाद दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज भी खेली जाएगी। वहीं बीसीसीआई ने सोमवार को वनडे और टी20 के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान किया है।

महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के तीन वनडे और तीन टी20 मैचों के लिए भारत की टीम की घोषणी की है। इस दौरान टी20 और वनडे में हरमनप्रीत कौर ही टीम की कप्तानी निभाएंगी। जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तानी करेंगी। दोनों सीरीज में ज्यादातर खिलाड़ी एक ही हैं। स्नेह राणा और हरलीन देओल वनडे स्क्वॉड में हैं लेकिन उन्हें टी20 में मौका नहीं दिया गया है।

कनिका आहूजा और मिन्नू मणि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलेंगी लेकिन वह वनडे स्क्वॉड में शामिल नहीं है।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की वनडे टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया, रिचा घोष (विकेटकीपर), श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेनुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देओल।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की टी20 टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया, रिचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयसंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेनुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

## फीफा की ब्राजील फुटबाल परिसंघ को धमकी, ...तो कर सकते हैं निलंबित

रियो डी जनेरियो । विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर उसकी फुटबॉल संस्था के हस्तक्षेप के कारण जनवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह उसकी राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है। फीफा ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) को पत्र लिखकर कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने के बजाय एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नए अध्यक्ष का चयन करने के लिए चुनाव कराने में जल्दबाजी दिखाई तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फ़ुटबॉल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था। ब्राजील की दो सर्वोच्च अदालतों ने पिछले सप्ताह इस फैसले को बरकरार रखा। फीफा अपने सदस्य संघों के कामकाज में सरकार या किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करता है और इसलिए पांच बार के विश्व कप विजेता ब्राजील को समस्या का समाधान होने तक प्रमुख प्रतियोगिताओं से बाहर रहना पड़ सकता है।



## दक्षिण अफीका के खिलाफ रोहित को बदलनी होगी अपनी शैली : गावस्कर

नई दिल्ली । महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि दक्षिण अफीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को अपनी शैली बदलनी होगी। रोहित अपने आक्रामक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। विश्वकप में भी उन्होंने आक्रामक तरीके से ही खेला था पर गावस्कर का मानना है कि इस सीरीज में उन्हें अपनी शैली में बदलाव के लिए मानसिक रुप से तैयार रहना होगा। दक्षिण अफीका के खिलाफ भारत को 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है, यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होने के कारण भी अहम है। गावस्कर ने कहा कि रोहित शर्मा ने एकदिवसीय विश्व कप में आक्रामक रवैया अपनाया पर दक्षिण अफीका के खिलाफ सीरीज में उनको अपनी इस शैली में बदलाव करना होगा। रोहित विश्व कप फाइनल के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। रोहित ने लगता है कि विश्वकप में मिली हार की निराशा को पीछे छोड़ दिया है क्योंकि वह टेस्ट की तैयारी में मग्न दिखे। विश्वकप में रोहित ने आक्रामक अंदाज में पारी शुरु की थी। तब उन्होंने निडर क्रिकेट खेला और विपक्षी गेंदबाजों पर शुरू से प्रहार किया लेकिन गावस्कर को लगता है कि रोहित को दक्षिण अफीका में लाल कूकाबुरा गेंद के खिलाफ अपनी शैली को बदलना होगा।गावस्कर ने कहा, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण चुनौती अपनी मानसिक स्थिति को टेस्ट मैच की स्थिति में लाना होगा। उन्होंने साथ ही कहा वह एकदिवसीय फॉर्मेट में बल्लेबाजी कर रहे थे, जहां उन्होंने फैसला किया था कि वह आक्रामक भूमिका निभाएंगे और पहले 10 ओवरों में जितना संभव हो उतना स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे। हमने विश्व कप में यह देखा। विश्व कप के लिए उनका दृष्टिकोण सही था पर टेस्ट क्रिकेट के लिए उन्हें अपना रुख पूरी तरह से बदलना होगा क्योंकि उन्हें पूरे दिन बल्लेबाजी के संदर्भ में सोचना होगा।

## दूसरे टेस्ट के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पहले टेस्ट में जीत से उत्साहित ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम मंगलवार से यहां पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में बड़ी जीत दर्ज की थी जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इसके साथ ही यहां उसे घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। वहीं अपने खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान पाक टीम इस मैच से सीरीज में वापसी करना चाहेगी जो उसके लिए बेहद कठिन है। पाक टीम पिछले 28 साल से ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पायी है। इसके अलावा टीम के बल्लेबाज भी अब तक असफल रहे हैं। टीम की तेज गेंदबाजी भी पहले जैसी नहीं है। तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद के बाद स्पिनर नोमान अली भी चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हो गये हैं। उनकी जगह पर बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज को टीम में लिया गया है। नोमान से पहले खुर्रम 'स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण सीरीज से बाहर हो गए थे। उन्होंने पिछले मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और 128 रन देकर 5 विकेट लिए थे। लेग स्पिनर अबरार अहमद भी पांव की चोट के कारण बाहर हो गए हैं।




वहीं तेज गेंदबाज नसीम शाह के चोटिल होने के कारण पाक का गेंदबाजी आक्रमण पहले ही कमजोर था जो अब और कमजोर हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 360 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी और ऐसे में उसे इस मैच में भी जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

वहीं मेजबान टीम के बल्लेबाज ओर गेंदबाज लय में हैं जिसका उसे लाभ मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया दूसरे मैच में भी पहले टेस्ट मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम को ही उतारेगा जबकि पाकिस्तान की अंतिम एकादश में बदलाव तय हैं।

## पाकिस्तान हॉकी महासंघ को निलंबित कर सकता है एफआईएच

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) निलंबित कर सकता है क्योंकि कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर द्वारा पीएचएफ के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को उनके पूर्ववर्ती खालिद सज्जाद खोकर ने चुनौती दी है। खोकर 2015 से पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को चुनौती देंगे।

खोकर ने कहा, 'मैं अदालत की शरण में जाऊंगा और जब तक यह असंवैधानिक और गैर कानूनी फैसला नहीं बदला जाता, तब तक हार नहीं मानूंगा।% उन्होंने कहा, 'मैं टकराव से बचना चाहता था लेकिन मुझे अब आईओसी (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति) और एफआईएच के पास जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।% अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ नई नियुक्ति को सरकारी हस्तक्षेप मानकर पीएचएफ को निलंबित कर सकता है।



## पाक तेज गेंदबाजी के गिरते स्तर से वकार निराश

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व महान तेज गेंदबाज वकार यूनिस टीम के तेज गेंदबाजी स्तर के लगातार नीचे जाने से निराश हैं । वकार ने कहा कि टीम के गेंदबाजों की रफ्तार लगातार घटती जा रही है । इसी कारण वे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाये । इसी कारण पाक टीम को पर्थ में हुए पहले टेस्ट में 360 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा था । इस मैच में पाक की ओर से शाहीन शाह अफरीदी, खुर्रम शहजाद, आमिर जमाल और फहीम अशरफ ने गेंदबाजी की कमान संभाली थी। उन्होंने कुछ हद तक अपनी गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को रोका पर वह उन्हें अपनी गति से परेशान नहीं कर पाये । कोई भी गेंदबाज टेस्ट में लगातार 140 किमी प्रति घंटे या उससे अधिक की गति से गेंद नहीं फेंक पाया। वकार ने पाक गेंदबाजों की गति को मध्यम गति बताया । उन्होंने कहा कि एक और चीज जिसकी मुझे चिंता है, वह यह है कि जब भी हम ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, तो हमें तेज गेंदबाजी उत्साहित करती है । लेकिन इस बार वह दिख नहीं रही है । मैं मध्यम गति के गेंदबाज या धीमी-मध्यम गति के गेंदबाज, ऑलराउंडर्स देख रहा हूं, कोई वास्तविक तेज गति नहीं है । पहले लोग हमारे तेज गेंदबाजों को 150 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी करते देखते थे । लेकिन इस बार मैं ऐसा नहीं देख रहा । वकार ने कहा कि यह मेरी चिंता का कारण है क्योंकि मैंने इसे घरेलू स्तर पर भी तेज गेंदबाजी नहीं देखी है । मैं समझ सकता हूं, लेकिन अतीत में, आपने हमेशा तेज गेंदबाजों की एक सीरीज देखी थी पर बदकिस्मती से अब ऐसा नहीं है । वकार ने शाहीन की गति में कमी पर चिंता व्यक्त की और कहा कि अगर उन्हें कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, तो उन्हें मध्यम तेज गेंदबाज बनने के बजाय कुछ समय लेने और उन्हें ठीक करने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में निश्चित नहीं हूं कि उसके साथ क्या गलत हुआ है ।वकार ने कहा कि अगर वह फिट नहीं है, अगर उसे कुछ समस्याएं हैं, तो उसे खेल से दूर जाने और उसे ठीक करने की जरूरत है क्योंकि अगर आप इसी तरह जारी रखेंगे तो आप मध्यम गति के गेंदबाज बन जाएंगे ।



## साल 2023 में भी भारतीय टीम का आईसीसी खिताब जीतने का सपना अधूरा रहा

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए साल 2023 भी कुछ खास नहीं रहा और टीम एक भी आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी। भारतीय टीम ने अंतिम बार साल 2013 में आईसीसी खिताब जीता था। उसके बाद से ही पिछले एक दशक से उसका आईसीसी खिताब जीतने का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। भारतीय टीम इस साल एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी पर उसके हाथ से खिताब निकल गया था। इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में भी टीम खिताब के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी।अंतिम बार भारतीय टीम ने साल 2011 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में एकदिवसीय विश्व कप जीता था। इसके बाद 2013 में उसने चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके बाद टीम एक भी आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी।

भारतीय टीम ने साल 2014 में धोनी की कप्तानी में ही बांग्लादेश में आयोजित टी20 विश्व कप 2014 फाइनल में प्रवेश किया। ग्रुप स्टेज में भारत ने सभी मैचों में जीत हासिल की। फाइनल में उसे श्रीलंका से 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वहीं साल 2015 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2015 में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया पर फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया ने हार का सामना करना पड़ा। वहीं साल 2016 टी20 विश्व कप में एक बार फिर भारतीय टीम को निराशा मिली। इस बार वेस्टइंडीज ने खिताब जीता।

साल 2017 में विराट कोहली को कप्तान बनाया गया। टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज के मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर जीत के साथ शुरुआत की। भारत ने बांग्लादेश को हराकर फाइनल में प्रवेश किया पर भारत को फाइनल में पाकिस्तान ने 180 रन से हरा दिया। वहीं 2019 एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय टीम को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

2021 टी20 विश्वकप में भी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारतीय टीम इसमें सेमीफाइनल में भी प्रवेश नहीं कर पायी। 2021 में भारत ने डब्ल्यूटीसी 2019-2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से हुआ पर उसे हार का सामना करना पड़ा। 2022 में भारतीय टीम के पास चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर आईसीसी खिताब जीतने का एक और अवसर था पर उसे असफलता मिली। इसके बाद 2021-23 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का मुकाबा ऑस्ट्रेलिया से हुआ जिसमें उसे हार मिली। इसके बाद साल 2023 के एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय टीम ने सभी मुकाबले जीते पर उसे फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा।



## भारतीय टीम के नेट अभ्यास सत्र में रोहित और विराट में दिखी दूरियां

सेंचुरियन । भारत ओर दक्षिण अफीका के बीच मंगलवार से यहां पहला क्रिकेट टेस्ट मैच शुरु हो रहा है जिसके लिए दोनो ही टीमें तैयारियों में लगी हैं । इस मुकाबले को लेकर भारतीय टीम ने जमकर नेट अभ्यास किया । अभ्यास के दौरान कप्तान रोहित शर्मा ओर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली में दूरियां नजर आयीं । इन दोनो को एक बार भी अभ्यास के दौरान बातचीत करते नहीं देखा गया । भारतीय क्रिकेट टीम 31 साल से दक्षिण अफीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है और अपने करियर के अंतिम पड़ाव में चल रहे कोहली और रोहित यहां जीत चाहेंगे पर इसमें दोनो के बीच संवादहीनता की कमी आड़े आ सकती है । कोहली परिवार के साथ छोटे ब्रेक के बाद लंदन से दक्षिण अफीका पहुंचे हैं । वहीं रोहित अभ्यास के दौरान थोड़े सहज दिखे । इन दोनो ने अलग अलग नेट और मध्य पिच पर अभ्यास किया । एक घंटे से ज्यादा समय तक थ्रो-डाउन का सामना भी किया । दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई जबकि दोनों ने बीच-बीच में छोटे ब्रेक भी लिए । वहीं विश्वकप के दौरान इन दोनो को अभ्यास के दौरान हंसी मजाक भी करते देखा गया था । अभ्यास सत्र में कोच राहुल द्रविड़ भी उपस्थित थे । सभी खिलाड़ियों ने तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया । रोहित ने अश्विन की गेंद को स्वीप कर दिखाया कि जहां तक ओपनर का संबंध है तो उनमें कुछ नहीं बदला है । इसी दौरान कोहली भी आ गए और उन्होंने कोच द्रविड़ से कुछ बातचीत की । कुछ देर बाद कोहली भी पैड पहनकर थ्रो-डाउन नेट पर आ गए जहां रोहित और यशस्वी जायसवाल भी कुछ देर में पहुंच गए । रोहित ने अपने युवा सलामी जोड़ीदार से पूछा, 'तुझको पहले जाना है कि मैं जाऊं ।' इसके बाद थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद ने रोहित को गेंदबाजी शुरु कर दी ।

# आजमाएं मेकअप टिप्स
# दिखेंगी अट्रेक्टिव

पार्टी का इन्विटेशन मिलते ही आपने पार्टी में जानें की सभी तैयारियां कर ली होंगी, केक, ड्रेस फुटवियर और डेस्टिनेशन सभी कुछ रेडी है लेकिन क्या आपने मेकअप के लिए कुछ नया और क्रिएटिव सोचा है। अगर ड्रेस और मेकअप सभी कुछ यूनिक है तो आपका मेकअप भी कुछ हट के होना चाहिए। आज हम आपको कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे है जिसकी हेल्प से आप पार्टी में सबसे अलग और सबसे अट्रेक्टिव दिखेंगी।





## आंखो को करें हाईलाइट

आंखो को हाईलाइट करने के लिए ग्लिटर बेस्ट शेडो का इस्तेमाल कर सकते है। आई लाइनर थोड़ा डार्क और हैवी अप्लाई करें, आई ब्रो बोन्स पर ड्रेस की मैचिंग का पिगमेंट्स ट्राई कर सकते हैं। आपकी ड्रेस रेड है तो आप आई शैडो ब्राउन या मैजेंटा ट्राई कर सकती हैं, अगर आंखो का बोल्ड लुक चाहती हैं तो डीप रेड और पर्पल भी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है।

## जूलरी



जूलरी रेड टच लिए हो तो अच्छा है या फिर गोल्डन भी ट्राई कर सकती हैं स्टोन्स की आर्टिफिशियल जूलरी भी ले सकती हैं।

## बोल्ड लिप्स



होठों को अट्रेक्टिव लुक देने के लिप्स के लिए डार्क शेड ट्राई कर सकती हैं लेकिन पहले होठों की काउंटर लिप लाइनिंग करें।

## 3डी मेकअप



आजकल 3डी मेकअप का भी क्रेज देखा जा सकता है। इसमें ग्लिटर, स्वरोस्की, स्टोन्स, स्टार्स और यूनिक कलर्स का इस्तेमाल मेकअप के लिए किया जाता है। यह थोड़ा खर्चीला होगा लेकिन पार्टी में सब आपको देखकर कॉम्प्लीमेंट करने पर मजबूर हो जायेगे। यह चेहरे के अलावा नेक और हाथ पर भी किया जाता है।

## नेल आर्ट में कैंडल्स का यूज



नेल्स के लिए आप कुछ क्रिएटिव सोच रहीं हैं तो आप नेल्स पर कैंडल्स क्रिएट कर सकती हैं। इसमें आप नेल्स पर डिफरेंट कलर्स के कैंडल्स क्रिएट कर सकती हैं। नेल्स पर स्माल स्टार्स भी क्यूट लगेंगे।

## स्किन के लिए सबसे अच्छा मेकअप

पाउडर फाउंडेशन ऐसा ब्यूटी प्रोडक्ट होता है जिससे आप ब्रश या फिर स्पंज की मदद से अपने चेहरे पर लगा सकती हैं उन महिलाओं के लिए बेस्ट होता है जिन्हें फाउंडेशन लगाना और मेकअप करना पसंद है. आप पाउडर फाउंडेशन को अपने बैग में आसानी से कहीं भी कैरी कर सकती हैं।



# बालों की प्रॉब्लम्स को जानकर चुनें सही हेयर ऑयल



हर किसी की हेयर प्रॉब्लम्स अलग होती है तो हेयर ऑयल भी अलग होना चाहिए । बालों की समस्याओं को ध्यान में रखकर हेयर ऑयल का चुनाव करने से आपके बाल शाइनी और हेल्दी बने रहेंगे। आज हम बालों के लिए सही हेयर ऑयल चूज करने के आइडियाज बता रहें हैं।

हर किसी के बाल अलग तरह के होते है किसी के स्ट्रेट और सॉफ्ट तो किसी के कर्ली तो किसी के रफ। इसी तरह हर किसी के बालों को पोषण की जरुरत भी अलग तरह की होती है। बालों के लिए ऑयल भी बालों की जरूरत के हिसाब से चूज करना होता है लेकिन हम जो भी हेयर ऑयल घर में मौजूद होता है उसको अपने बालों में इस्तेमाल करते है या फिर टीवी के विज्ञापनों में सुझाये गए हेयर ऑयल का यूज करते हैं। इस तरह से बालों की जरुरत समझे बिना हेयर ऑयल इस्तेमाल करने से आपके बाल डैमेज होते हैं। आज हम आपको बालों के लिए हेयर ऑयल चूज करने का सही तरीका बताएंगे-

**रूखे बाल**

अगर आपके बाल एकदम रूखे और बेजान रहते हैं तो अंगूर के बीजों का तेल या फिर अनार के बीजों का तेल आपके बालों में जान डाल देंगे। यह तेल आप थोड़ी मात्रा में नारियल तेल में मिक्स करके बालों में अप्लाई कर सकते हैं। ऑलिव ऑयल भी आपके बालों का रूखापन दूर करके उनको शाइनी बनाने में आपकी हेल्प करेगा, ऑलिव ऑयल में एंटी ऑक्सीडेंट और विटामिन श्व पाया जाता है। यह तेल आपके बालों को नरिशमेन्ट देंगे और उनको रिपेयर भी करेंगे। अनार का तेल बालों का रूखापन भी दूर करने में मददगार है।

**ऑयली बाल**

अगर आपके बाल शैम्पू करने के बाद भी चिपचिपे रहते हैं तो आपके बाल ऑयली हैं। ऑयली बालों के लिए आंवला ऑयल बेस्ट है। यह आपके बालों के ऑयलीनेस को दूर करके सीबम को बैलेंस रखेगा। आंवला आपके बालों की डैमेज को भी रिपेयर करने में सहायक है,आंवला बालों की शाइन बढ़ाने में भी हेल्प करता है।

**कर्ली बाल**

यदि आपके बाल कर्ली और सॉफ्ट हैं तो आपको आलमंड ऑयल यूज करना चाहिए। यह आपके बालों की नैचुरल कर्ल बनाये रखेगा और बालों को नरिश भी करेगा। बादाम का तेल आपके सिर की स्किन को हाइड्रेट रखता है इसमें मौजूद विटामिन श्वआपके बालों को किसी भी तरह के डैमेज से बचाता है और उनकी रिपेयर भी करने में मदगार है। ऑलमंड ऑयल के मसाज से बाल शाइनी होते हैं।

**हल्के बाल**

अगर आपके बाल पतले और हल्के हैं तो वर्जिन कोकोनट ऑयल का मसाज और कैस्टर ऑयल का मसाज आपके बालों के लिए बेस्ट ऑप्शन है। यह आपके बालों को हेल्दी बनाने में सहायक है और बालों को नरिशमेंट भी प्रदान करता है। वर्जिन कोकोनट ऑयल केमिकल्स फ्री होता है इससे आपके बाल घने और शाइनी बनेंगे। कैस्टर ऑयल पतले और हल्के बालों को घना बनाने के लिए जाना जाता है और हेयर ग्रोथ के लिए भी लाभदायक है ।

**डेंड्रफ वाले बाल**

अगर आपके बालों में डेंड्रफ की प्रॉब्लम है तो आपको टी ट्री ऑयल से बालों की मसाज फायदेमंद है यह एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है और स्कैल्प्स में किसी तरह की एलर्जी को क्योर करने में हेल्पफुल है। इसको आप कोकोनट ऑयल में मिक्स करके लगा सकते हैं।



# वेडिंग सीजन में तमन्ना भाटिया के इन लुक्स को करें रिक्रिएट

**यूं तो हम सभी वेडिंग फंक्शन में एथनिक वियर पहनना चाहते हैं। लेकिन आपने इस बार वेस्टर्न वियर पहनने का मन बनाया है तो ऐसे में तमन्ना भाटिया की तरह आप गाउन भी पहन सकती हैं। रेड कलर आपको एक बेहद ही स्टनिंग लुक देगा।**

इन दिनों शादी का सीजन चल रहा है। हम सभी ने अपने किसी करीबी या रिश्तेदार की वेडिंग को अटेंड किया है या फिर करने वाले हैं। इस स्थिति में मन में यही विचार आता है कि शादी के हर फंक्शन में एक अलग लुक क्रिएट किया जाए और हर लुक में हम बेस्ट नजर आएं। हो सकता है कि आप भी इस बार कुछ हटकर दिखना चाहती हों। तो ऐसे में आप बॉलीवुड डीवा तमन्ना भाटिया के इन लुक्स से इंस्पिरेशन ले सकती हैं-

**वेडिंग फंक्शन में पहनें गाउन**

यूं तो हम सभी वेडिंग फंक्शन में एथनिक वियर पहनना चाहते हैं। लेकिन आपने इस बार वेस्टर्न वियर पहनने का मन बनाया है तो ऐसे में तमन्ना भाटिया की तरह आप गाउन भी पहन सकती हैं। रेड कलर आपको एक बेहद ही स्टनिंग लुक देगा। पिछले कुछ समय से स्लिट्स व कट्स लुक काफी चलन में है। ऐसे में आप अपने गाउन में भी नेकलाइन में कट लुक को सलेक्ट कर सकती हैं।

**वेडिंग फंक्शन में पहनें साड़ी**

वेडिंग फंक्शन में साड़ी आपको बेहद ही एलीगेंट व क्लासी लुक देगी। इस लुक में तमन्ना ने भी साड़ी को स्टाइल किया है, जिसमें मैटेलिक टच साड़ी को और भी अधिक खास बना रहा है। इस साड़ी क साथ तमन्ना ने गोल्डन शेड ब्लाउज को स्टाइल किया है, जिसके साथ स्लीव्स का खास डिजाइन उनके लुक को एन्हॉन्स कर रहा है। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए तमन्ना ने चोकर और स्टडस को स्टाइल किया है। लाइट मेकअप और साइड पार्टिंग ओपन हेयर उनके लुक में एक ग्रेस एड कर रहा है।

# वेडिंग फंक्शन में पहनें 'लहंगा'



वेडिंग फंक्शन में लहंगा तो अधिकतर लड़कियां पहनना चाहती हैं। लेकिन अगर आप लहंगे में भी अपने लुक को ट्विस्ट देना चाहती हैं तो ऐसे में आप तमन्ना भाटिया के इस लहंगा लुक को रिक्रिएट करें।

तमन्ना ने मल्टीकलर लहंगे को कैरी किया है, जिस पर बेहद ही खूबसूरत थ्रेड वर्क किया गया है जो उसे एक ट्रेडिशनल टच दे रहा है। हालांकि, अपने लुक को ट्रेन्डी बनाने के लिए लहंगे में फंट स्लिट लुक दिया गया है। लाइट मेकअप और बन हेयरस्टाइल से तमन्ना ने अपने लुक को कंप्लीट किया है।

तो अब आप तमन्ना के किस लुक को वेडिंग सीजन में क्रिएट करना पसंद करेंगी? हमें फेसबुक पेज के कमेंट सेक्शन में अवश्य बताइएगा।

# फिलहाल रिलेशनशिप्स पर नहीं करियर पर फोकस करना चाहती हैं पवित्रा पुनिया

सलमान खान का शो 'बिग बॉस 14' में कई चर्चित जोड़ियां रहीं। हर सीजन की तरह ही इसमें कई जोड़ियां बनीं और बिगड़ीं। इसी में एक पवित्रा पुनिया और एजाज खान की जोड़ी भी रही। शो खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक इनका रिश्ता चला। यहां तक कि शादी की चर्चा भी रही। तैयारियां भी लगभग चल ही रही थीं। लेकिन, इसी बीच इनके ब्रेकअप की खबरें भी मीडिया में आने लगीं। इसके बाद अब एक्ट्रेस ने अपने टूटे रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, ब्रेकअप की खबरों के बीच पवित्रा पुनिया ने मीडिया खास बातचीत की है और इस दौरान उन्होंने अपनी रिलेशनशिप और शादी को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो फिलहाल रिलेशनशिप्स और शादी पर फोकस नहीं करना चाहती हैं। वो अपने परिवार का ध्यान रखना चाहती हैं। करियर पर फोकस करना उनका मकसद है। इंटरव्यू में पवित्रा ने कहा कि वो चाहती हैं कि लोग उन्बें और एजाज को प्राइवेसी दें। उनका मानना है कि वो और एजाज जो भी कर रहे हैं उसमें फैंस उन्हें सपोर्ट करें। शांति बनाए रखें। पवित्रा पुनिया का मानना है कि जो भी होता है वो किसी वजह से होता है। अभी वो अपने करियर पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पिता को खोया है, जिसे वो उनका सबसे बड़े सपोर्ट मानती थीं। एक्ट्रेस कहती हैं कि एक मां ममता होती है और बाप दीवार। ममता से पेट नहीं पलता और दीवार से सिक्योरिटी, प्रोटेक्शन सब है। उनका एक बड़ा भाई भी है। पवित्रा का मानना है कि उनका भाई भी उन्हें मां के समान मानता है। वो उन्हें बच्चे की तरह मानती हैं। अभी वो ही परिवार में जिम्मेदार हैं। वो कहती हैं कि उनके परिवार के लिए जो जरूरी है वो कर रही हैं। एक्ट्रेस ने आशा जताई कि लोग उनकी बात को समझेंगे। इसके अलावा पवित्रा पुनिया ने शादी को लेकर कहा कि अभी वो अपने परिवार का ख्याल रख रही हैं। ब्रेकअप को लेकर कहा कि उन्होंने अपनी रिलेशनशिप के बारे में कुछ सुना है और ये सच भी हो सकता है। उन्हें नहीं पता। आपको बता दें कि पवित्रा और एजाज को 'बिग बॉस 14' में प्यार हुआ था। दोनों पिछले 3 सालों से लिव इन में रह रहे थे। उनके ब्रेकअप से फैंस को तगड़ा झटका लगा है।





# कटरीना ने संघर्ष के दिनों में मलाइका से प्रेरणा ली

**कटरीना और विजय सेतुपति स्टारर फिल्म मैरी क्रिसमस 12 जनवरी को रिलीज होगी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कटरीना ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और कुछ किस्से शेयर किए। कटरीना ने बताया कि मलाइका अरोड़ा ने उन्हें मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनका पहला विज्ञापन थलपति विजय के साथ शूट हुआ था।**

कटरीना ने इंटरव्यू के दौरान कहा– जब मैंने मुंबई आकर अपने करियर की शुरुआत की तब मेरा सपना एक मॉडल बनने का था। मेरी आइडल उस समय की सुपरमॉडल्स– मधु सप्रे और लक्ष्मी मेनन थीं। मलाइका अरोड़ा भी उस दौरान मॉडलिंग की दुनिया में थीं। मुझे इन तीनों का काम बहुत अच्छा लगता था, और मेरे मन में इनके लिए हमेशा रिस्पेक्ट थी। इनके काम से मैंने प्रेरणा जरूर ली है। कटरीना ने आगे बताया कि उन्होंने मुंबई में मौजूद विज्ञापन एजेंसियों की एक लिस्ट बनाई थी और काम पाने की उम्मीद में वह उन सभी एजेंसियों में जाती थीं। कटरीना ने अपने पहले विज्ञापन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा– मैंने पहला विज्ञापन थलपति विजय के साथ शूट किया था। ये एक सॉफ्ट ड्रिंक का विज्ञापन था जिसमें मैं एक बैलेरीना डांसर की भूमिका निभा रही थी। हालांकि जब मेरे दोस्त ने ये विज्ञापन देखा तो कहने लगा आप उस विज्ञापन में दुनिया की सबसे अनाड़ी बैलेरीना डांसर दिख रही थीं।

## कटरीना और विजय पहली बार साथ काम करेंगे



फिलहाल कटरीना श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस की रिलीज के लिए तैयारी कर रही हैं। क्रिसमस के दौरान फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। ट्रेलर में विजय सेतुपति और कटरीना की मुलाकात क्रिसमस के दिन होती है और फिर वो साथ में सेलिब्रेशन करने का फैसला करते हैं। लेकिन ये रात कटरीना और विजय के लिए काफी भारी पड़ती दिखाई देती है। ट्रेलर में सस्पेंस के साथ–साथ दोनों के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री को भी बेहद शानदार तरीके से दिखाया गया है।
फिल्म में कटरीना और विजय के अलावा संजय कपूर, विनय पाठक, टीनू आनंद जैसे सितारे भी लीड रोल में दिखेंगे। फिल्म 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# एक्ट्रेस डेजी शाह ने खोला अपने फिटनेस का राज, सलमान को बताया अपना इंस्पिरेशन

एक्ट्रेस बॉलीवुड में सलमान जैसे स्टार्स के साथ काम करने के बाद अब डिजिटल की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। हमने डेजी से उनके फिटनेस पर बात की, उनके जिम सेशन के दौरान ही हमने उनसे जाना कि खुद को फिट रखने के लिए वो कितना वक्त निकालती हैं, डाइट कैसे मैंटेन करती हैं और फिटनेस के मामले में उनका रोल मॉडल कौन है। डेजी शाह शुरूआती दौर में एक डांसर थीं। बहुत लोग शायद ये नहीं जानते होंगे कि डेजी शुरुआती दौर में एक डांसर थीं और शबीना खान ने उनके टैलेंट को पहचाना था। डेजी ने कोरियोग्राफर शबीना खान से डांसिंग की ट्रेनिंग ली और सालों तक उनके साथ काम भी किया। इसके बाद डेजी असिस्टेंट बन अलग–अलग इवेंट में जाने लगीं और अपने डांसिंग टैलेंट को निखारा। अपनी स्ट्रगलिंग दिनों में डेजी ने कभी डांसिंग को फिटनेस के लिहाज से नहीं देखा। वे सिर्फ घर चलाने के लिए पैसा कमाना चाहती थी। हालांकि, अब डेजी की मानें तो डांसिंग से बेहतर उनके लिए कोई फिटनेस मंत्र नहीं।

## डेजी के फिट बॉडी के पीछे सलमान का हाथ भी है

वैसे, आप तो जानते ही हैं की बॉलीवुड में ऐसे बहुत से कलाकार हैं जिन्हें भाईजान यानी सलमान खान ने फिल्मों में मौका दिया। डेजी शाह भी इन्हीं में से एक हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, डेजी के फिट बॉडी के पीछे भी सलमान खान का हाथ है? जी हां, सलमान के पर्सनल ट्रेनर राकेश उड्डियार पिछले 9 सालों से फिटनेस के मामले में डेज़ी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इतना ही नहीं, सलमान खान भी अपनी जय हो की एक्ट्रेस के वर्कआउट रुटीन पर कभी–कभार नजर रखते हैं।

## 15 साल से फिटनेस का ख्याल रखती आ रही हूं

डेजी कहती हैं, मैं पिछले 15 साल से अपनी फिटनेस का ख्याल रखती आ रही हूं। मैं मिक्स्ड वर्कआउट करना पसंद करती हूं – कभी पिलेट्स तो कभी कार्डियो, कभी EMS (इलेक्ट्रिकल मसल स्टिमुलेशन) तो कभी डांस। इसकी वजह यही है की मैं बोर ना हो जाऊं। मैं अपनी बॉडी पर बहुत मेहनत करती हूं। खुद को फिट रखना अब मेरी आदत बन गई है।

## सलमान ने बदली फिटनेस की डेफिनिशन

सलमान खान मेरे मेंटर हैं। वो हमेशा मेरे लिए मौजूद रहते हैं। खुद को लकी मानती हूं कि मेरे लाइफ में सलमान खान हैं, जिन्होंने मुझे रास्ता दिखाया है। सिर्फ करियर में ही नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ में भी। जब से वो मेरी जिंदगी में आए हैं, फिटनेस का डेफिनिशन बिलकुल बदल गया हैं। उन्होंने मुझे फिटनेस की अहमियत बताई। मेरे ट्रेनर, राकेश भी सलमान खान की ही देन हैं। उन्होंने मुझे राकेश से मिलवाया था।

# मैं हमेशा चाहती थी लोग मुझे गंभीरता से लें

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा कि अच्छे काम की तरह कुछ भी काम नहीं करता है। वह चाहती हैं कि एक अभिनेत्री के रूप में उनकी फिल्मों का चयन एक उनके विकास को रिफलेक्ट करे। अनन्या ने फिल्ममेकर करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से फिल्मों में अपना डेब्यू किया था। इसी बैनर तले बनी शकुन बत्रा द्वारा निर्देशित गहराइयां में उनके किरदार के लिए उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। अनन्या पांडे के फैंस ने गहराइयां के बाद फिल्मों के चुनाव में उनकी पसंद में काफी बदलाव देखा। अभिनेत्री ने इसे प्राकृतिक प्रगति बताया। जल्द ही वह जोया अख्तर के बैनर तले बनी उनकी आगामी फिल्म खो गए हम कहां में नजर आएंगीं। यह फिल्म 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फैंस ने गहराइयां के बाद उनकी पसंद बड़ा बदलाव देखा फिर चाहे वह खो गए हम कहां हो या फिर विक्रमादित्य मोटवाने की उनकी आगामी साइबर–थ्रिलर फिल्म कंट्रोल हो। अभिनेत्री ने कहा, मैं हमेशा से चाहती हूं कि एक अभिनेत्री के रूप में लोग मुझे गंभीरता से लें। ऐसा नहीं है कि गहराइयां के बाद यह पसंद बदल गई है। मैं बड़ी हो रही हूं और अलग–अलग चीजें हैं जिनसे मैं जुड़ रही हूं। 25 वर्षीय अभिनेत्री ने एक बातचीत में कहा, मैं विभिन्न प्रकार की कहानियां करना चाहती हूं। एक व्यक्ति के रूप में मेरे विकास के साथ–साथ मेरी पसंद भी बदल रही है। यह एक तरंग प्रभाव है। अनन्या पांडे ने कहा, मैं सोच–समझकर कोई निर्णय नहीं ले रही हूं। मेरी अपनी इच्छा सूची है और मैं सीक्रेट तरह से यह प्रकट कर रही हूं कि मैं किसके साथ काम करना चाहती हूं। मगर अच्छे काम जैसा कुछ भी काम नहीं करता है। मैं उस पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए आभारी हैं कि बत्रा, अख्तर और मोटवानी जैसे फिल्ममेकर्स ने उनपर भरोसा जताया कि वह उनके साथ काम कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक अभिनेता के निजी जीवन के बारे में फैंस को हमेशा जिज्ञासा रहती है, जो काफी कठिन हो सकता है। अनन्या ने कहा, मैं चीजों को निजी और विशेष रखने में विश्वास रखती हूं। क्योंकि आप किसी भी सामान्य व्यक्ति की तरह रिश्तों से निपट रहे हैं। आप जिस व्यक्ति के साथ हैं, उसके साथ आप इसे महसूस कर रहे हैं। इसलिए कभी–कभी उन चीजों को बाहर सबके सामने रखना अनुचित और थोड़ा व्यक्तिगत लगता है।

# नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई राधिका की फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो



नेटफ्लिक्स ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक वायरल वीडियो। कई सवाल। सजिनी शिंदे का कहीं पता नहीं है। क्या जो नजर आता है उससे कहीं ज्यादा कुछ है? यह थ्रिलर फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो केवल नेटफ्लिक्स पर है। अभिनेत्री राधिका मदान की फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो दर्शकों को काफी पसंद आई थी। यह फिल्म 27 अक्तूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। फैंस को इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। तो अब फैंस के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है कि फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो बॉक्स ऑफिस पर अपना दमखम दिखाने के बाद आज ओटीटी पर रिलीज हो गई है।

## नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म

निम्रत कौर और राधिका मदान अभिनीत सस्पेंस थ्रिलर सजनी शिंदे का वायरल वीडियो इस महीने से एक लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। रिलीज के दो महीने बाद आज शुक्रवार, 22 दिसंबर को यह फिल्म लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी आ गई है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम के जरिए दर्शकों को इसकी जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक वायरल वीडियो। कई सवाल। सजिनी शिंदे का कहीं पता नहीं है। क्या जो नजर आता है उससे कहीं ज्यादा कुछ है? यह थ्रिलर फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो केवल नेटफ्लिक्स पर है। सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो में निम्रत कौर और राधिका मदान मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें मैंने प्यार किया अभिनेत्री भाग्यश्री, प्रसिद्ध मराठी अभिनेता सुबोध भावे, रश्मी अगड़ेकर, चिन्मय मंडलेकर और सुमीत व्यास भी अहम भूमिकाओं में हैं।



# नेपोटिज्म के तंज की वजह से अनन्या से दोस्ती हुई

अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव स्टारर फिल्म खो गए हम कहां 26 दिसंबर, 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म के डायरेक्टर अर्जुन वरैन सिंह हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सिद्धांत चतुर्वेदी ने बताया कि 2019 में हुए न्यूकमर राउंडटेबल के दौरान उनके और अनन्या के बीच जो हुआ, उसी की वजह से अनन्या से उनकी बातचीत शुरू हुई और फिर दोस्ती हुई। अनन्या ने भी सिद्धांत की बात पर हामी भरी।

## न्यूकमर राउंडटेबल का पूरा किस्सा

साल 2019 में राजीव मसंद ने न्यूकमर्स राउंडटेबल होस्ट किया था, जहां नेपोटिज्म और आउटसाइडर्स पर भी खूब चर्चा हुई थी। इस दौरान अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी के बीच का एक कन्वर्सेशन ट्रोलिंग का शिकार हुआ था। जिसमें नेपोटिज्म पर अनन्या पांडे ने अपनी स्ट्रगल जर्नी शेयर करते हुए कहा था कि मेरे पिता चंकी पांडे कभी कॉफी विद करण में नहीं गए और उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म नहीं की और मैंने बहुत स्ट्रगल किया है। इस बात पर सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा था– जहां हमारे सपने पूरे होते हैं वहां स्टारकिड्स का स्ट्रगल शुरू होता है। बता दें कि सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे दोनों ने साल 2019 में गली बॉय और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था। सिद्धांत एक आउटसाइडर थे जबकि अनन्या एक स्टारकिड हैं।

## अनन्या और सिद्धांत एक दूसरे से पर्सनली और प्रोफेशनली कनेक्टेड हैं

सिद्धांत ने हाल ही में ये खुलासा किया कि 2019 में जो हुआ, उसी की वजह से सिद्धांत और अनन्या के बीच दोस्ती हुई। अनन्या ने भी सिद्धांत की बात में हां में हां मिलाई और कहा– हां, हमारी बातचीत उसी नेपोटिज्म के तंज से शुरू हुई और फिर हम दोस्त बन गए। सिद्धांत मेरा एक ऐसा दोस्त है जिसे मैं कॉल करके बता सकती हूं कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं। अगर मुझे लगता है कि पर्सनली और प्रोफेशनली कुछ ठीक नहीं है, या अगर उसे लगता है कि कुछ दिक्कत है, तो हम एक–दूसरे से शेयर करते हैं। खो गए हम कहां फिल्म तीन दोस्तों की कहानी है। ये तीनों दोस्त– इमाद, अहाना और नील अपने जीवन में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं और अपनी ऑनलाइन पहचान को अपने वास्तविक स्वरूप के साथ बैलेंस करने की कोशिश में लगे रहते हैं।



# राजनीति के अजातशत्रु थे अटल जी : नवाब सिंह नागर

## अटल जी की स्मृतियां हमेशा जीवंत रहेंगी : बिजेन्द्र नागर




**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-116 पर स्वर्गीय पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया और संगोष्ठी का आयोजन रहा। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पुर्व मंत्री नबाब सिंह नागर, क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर रहे।

नवाब सिंह नागर ने कहा कि भारत माता के महान सपूत भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी भारत की राजनीति के अजातशत्रु थे। भारत को राजनीतिक अस्थिरता से उभारने और देश के अंदर राजनीति में पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान उन्होंने रखा था। आज का दिवस सुशासन दिवस के रूप में हमारी सरकारें आयोजित कर रही हैं और सदैव अटल जी का स्मरण कर रही है और उनके मूल्यों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगकर के कार्य करने का संकल्प भी ले रही है। बिजेंद्र नागर ने कहा कि भारतीय राजनीति में उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों के संवाहक, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 'सुशासन दिवस' के अवसर पर हम उन श्रद्धांजलि देते हैं। सतह ही उनकी पावन स्मृतियां हम सभी के हृदय में सदैव जीवंत रहेंगी।

इस संगोष्ठी में महामंत्री गणेश जाटव, उमेश त्यागी, डिम्पल आनंद, चंदगीराम यादव, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, योगेन्द्र चौधरी, जुगराज सिंह चौहान, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, गिरजा सिंह युद्धवीर चौहान, गिरीश कोटनाला , महेश अवना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, मंत्री अमरीश त्यागी, चमन अवाना, प्रमोद बेहाल, राजकुमार झा, मनोज चौहान, रवि यादव, एस पी चमोली, मंडल अध्यक्ष कल्लू सिंह, गोपाल गौड़, बबलू यादव, पंकज झा, उमेश यादव, ओमवीर अवाना, गौतम शर्मा, मुक्तानंद शर्मा, माशूक़ मेहरा, अहसान खा़न, गोविंद कंगरू, नेत्रपाल अवाना, विवेक, यश नागर, रवि मिश्रा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'संगठित हो ब्राह्मण समाज, यही मालवीय जी को सच्ची श्रद्धांजलि'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी जिला और महानगरो में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई गई। महासभा द्वारा जयंती पर गाजियाबाद व जनपद गौतमबुद्धनगर में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



दादरी के जारचा रोड पर नगर अध्यक्ष पंडित मांगेराम शर्मा के कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने कहा कि मदन मोहन मालवीय द्वारा भिक्षा मांग कर एक विशाल हिंदू विश्वविद्यालय बनारस में स्थापित किया गया। वह कांग्रेस के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए और दो बार उनको नामित किया गया। गांधी जी ने उन्हें महामना की उपाधि दी और भारत सरकार द्वारा उन्हें भारत रत्न पुरस्कार दिया गया। पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा ब्राह्मणों की कमजोर स्थिति को देखते हुए 1939 में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का गठन किया। इस महासभा का पंजीकरण वर्ष 1941 में हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब ब्राह्मण समाज के लोग संगठित होकर समाज के हित के लिए कार्य करें। साथ ही ऐसे बच्चों की मदद करें जो पढ़ाई में बहुत अच्छे हैं लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने मालवीय जी से जुड़े कई संस्मरणों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश शर्मा, मेरठ मंडल के अध्यक्ष राजू पंडित, प्रदेश महामंत्री परमानंद शर्मा, जिला महामंत्री मास्टर रामकुमार शर्मा, नगर अध्यक्ष पंडित मांगेराम शर्मा नगर महामंत्री रतनवीर शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, विक्रम शर्मा, रामवीर शर्मा एडवोकेट, ज्ञानचंद शर्मा एडवोकेट और नरेंद्र शर्मा एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सेक्टर-48 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष को दी बधाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सेक्टर-48 के नव निर्वाचित RWA अध्यक्ष दिनेश भाटी को पुष्पगुच्छ देकर जीत की बधाई व शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने अध्यक्ष बनने पर दिनेश भाटी को शुभकामनाएँ दी और कहा कि उनसे सेक्टर के प्रति समर्पण व निष्ठा व ईमानदारी से कराये गये कार्य की वजह से सेक्टरवासियों ने दोबारा से सेवा का मौक़ा दिया है।

बधाई देने वालों में मुख्य रूप से नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तंवर, ऋषिपाल अवाना, राजीव गर्ग, सुखदेव शर्मा, ओमवीर बंसल, ओम प्रकाश यादव, यश राम तंवर, ऊधम नागर आदि लोग उपस्थित थे।

# श्रीराम यूनिवर्सल स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित दी श्रीराम यूनिवर्सल स्कूल द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

डीआईओएस धर्मवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने कई लघु नाटक, नृत्य, संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भारतीय नृत्य की विविध कलाओं की भी शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान भारतीय संस्कृति को दर्शाते तथा महापुरुषों को याद करते हुए कई नाटकों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन विजेंद्र सिंह (मुंशी जी) तथा वाइस चेयरमैन योगेंद्र सिंह ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

# पुलिस ने एक घंटे में ढूंढ निकाला एनआरआई दंपत्ति का बैग

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में जर्मनी से घूमने के लिए आए एक एनआरआई दंपत्ति का रुपयों और अन्य कीमती सामान से भरा बैग गायब हो गया। दंपत्ति द्वारा ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस से शिकायत की गई। जिस पर बिसरख थाना पुलिस ने बिना समय गंवाए केवल एक घंटे में दंपत्ति के गुम हुए बैग को ढूंढ निकाला और एनआरआई दंपत्ति के सुपुर्द कर दिया। इस दंपत्ति ने पुलिस का आभार जताया है।



जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर जर्मनी में अप्रसावी भारतीय दंपत्ति घूमने के लिए ग्रेटर नोएडा आए थे। यह दंपत्ति दिल्ली एयरपोर्ट से ऑटो से सुपरटेक ईकोविलेज सोसायटी मे आये थे। ऑटो के अन्दर उनका बैग छूट गया जिसमे कीमती सामान व जर्मनी मुद्रा, मोबाइल, लेपटॉप व अन्य गैजेटस थे। सोमवार यानि आज दंपत्ति को जब बैग की जरुरत पड़ी तो पता चला कि बैग ऑटो में ही छुट गया था। जिसके बाद दंपत्ति ने बैग ऑटो में छूटने की जानकारी ग्रेटर नोएडा की थाना बिसरख पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थाना बिसरख पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज तथा आसपास क्षेत्र में उक्त ऑटो को तलाश किया जाने लगा। अथक प्रयास करते हुए उक्त ऑटो को मात्र 1 घंटे में ढूंढकर उसमें छूटे बैग को एनआरआई दंपत्ति के सुपुर्द किया गया। बैग पाकर दंपत्ति द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

# गौड़ सिटी के फ्लैटों में चल रही एय्याशी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटी गौर सिटी के 7वें एवेन्यू के एक फ्लैट में महीनों से अनैतिक काम हो रहा था लेकिन शिकायत के बाद भी उस पर किसी ने संज्ञान नहीं लिया। जिसके बाद लोगों को थक-हारकर पुलिस की शरण लेनी पड़ी।

दरअसल सोसायटी के रेजिडेंट्स ने आरोप लगाया कि सोसायटी के एक फ्लैट में कथित सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। तीन लड़कियों ने एक फ्लैट किराए पर लिया था जिसमें देर रात तक लड़कों का आना-जाना लगा रहता था। जब पड़ोसियों ने इस पर एक्शन लेते हुए पुलिस बुलाई तो आरोप है कि तीनों में से एक लड़की, फ्लैट में मौजूद युवक को अपना पति बताने लगी। जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो तस्वीर साफ हो गई है। रेजिडेंट्स ने बिसरख थाने में शिकायती पत्र भी सौंपा। फिलहाल फ्लैट को खाली करवा लिया गया है।

सोसायटी के लोगों ने ये साफ कर दिया है कि इस तरह की चीजें आगे कभी भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही मकान मालिकों से भी गुजारिश की है कि वो किसी भी फ्लैट देने से पहले पूरी जांच पड़ताल ज़रूर कर लें।

# कंचनजंघा मार्केट एसो. की नयी कार्यकारिणी गठित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कंचनजंगा ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन कंचनजंगा मार्किट सेक्टर



53 नोएडा की एक बैठक संपन्न हुई बैठक में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में सर्व समति से नई समिति का अध्यक्ष राम लखन चौधरी (चंदन कुमार) को चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में राहुल कुमार को उपाध्यक्ष, सुभाष राजोरा को महासचिव, गौरव अरोरा, अशोक गुप्ता, दिनेश शर्मा, सोनू मित्तल, शाहिद उस्मानी, उदय गुप्ता, रामराज,खूबलाल गुप्ता,तरुण मल्हान आदि को कार्यकारणी समिति का सचिव व सद्स्य चुना गया। नई कार्यकारिणी में प्रेमपाल चौहान, विकास यादव, सतपाल यादव, तजेंद्र मालिक को संरक्षक बनाया गया है। मार्केट के दुकानदारों एवं सदस्यों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर बधाई दी। इस मौके एसोसिएशन के संरक्षक विकास यादव ने कहा कि नई कार्यकारिणी दुकानदारों के हित में कार्य करेगी साथ ही यहां की समस्याओं को उठाकर उनका निदान कराने का प्रयास किया जाएगा। मार्केट के दुकानदारों की समस्याओं का निराकरण कराना तथा यहां मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना नई कार्यकारिणी की प्राथमिकता होगी।

# गरीबों के साथ साझा की क्रिसमस की खुशियां

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के एसीसी कान्वेंट स्कूल की पूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रसिद्ध समाज सेविका सिस्टर सैलीन ने क्रिसमस की खुशियां गरीबों के साथ साझा की। उन्होंने जरूरतमंद रिक्शा चालकों के साथ क्रिसमस मनाते हुए उन्हें ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए और सच्चाई के रास्ते पर चलकर लोगों की मदद करने के लिए भी प्रेरित किया।

वयोवृद्ध समाज सेविका सिस्टर सैलीन द्वारा नोएडा के सेक्टर-17 स्थित एसीसी कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में फादर सनल, चार्ल्स, जोबी, जोशन व डेनिस ने जरूरतमंद रिक्शा चालकों को कंबल वितरित किए। फादर सनल ने रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सिस्टर सैलीन द्वारा जरूरतमंदों की मदद के लिए किया जा रहा कार्य सराहनी हैं। वह बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए पिछले काफी समय से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंद की मदद करना सबसे पुनीत कार्य है। ईश्वर ने हमें मानव रूप में जन्म दिया है, इसलिए दूसरों के प्रति मानवता रखना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने रिक्शा चालकों का आह्वान किया कि वह सदैव मानवता के धर्म को पर चलने का प्रयास करें और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हर समय तैयार रहें।

फादर चार्ल्स ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक दूसरे की मदद करना ही ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था होती है। जरूरतमंदों की अगर समय पर मदद की जाए तो उनका जीवन बदल सकता है। सिस्टर सैलीन पिछले कई दशकों से गरीब रिक्शा चालकों के उत्थान के लिए लगातार कार्य करती आ रही हैं। वह बिना भेदभाव के सभी जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। उनके द्वारा किया जा रहा यह कार्य और लोगों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बना है। उन्होंने रिक्शा चालकों का आह्वान किया कि वह बुराई के रास्ते को त्याग कर ईमानदारी के रास्ते पर



चलते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करें।

इस मौके पर सिस्टर सैलीन ने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहता है कि जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जाए। वह अन्य लोगों को भी जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि वह बिना भेदभाव के सभी धर्म एवं वर्गों के लोगों के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इंसान का सबसे पहला धर्म मानवता है अगर इंसान इस रास्ते पर चलता है तो उसे खुद आत्मिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने लोगों का भी आह्वान किया कि वह जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे हैं जिससे उनके जीवन को संवारा जा सके। इस मौके पर सिस्टर मेरी, टेरिस, ग्लेडी, बिट्टी, शीबा सहित बड़ी संख्या में रिक्शा चालक व अन्य लोग मौजूद थे।

आपको बता दें कि सिस्टर सैलीन पिछले काफी समय से जरूरतमंद रिक्शा चालकों का जीवन स्तर सुधारने के लिए कार्य कर रही है। अब तक वह 478 लोगों को नि:शुल्क रिक्शा का वितरण कर चुकी हैं। इसके अलावा वह समय-समय पर रिक्शा चालकों के उत्थान के लिए प्रयासरत रहती हैं। उनके इस कार्य के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा उन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। प्रत्येक वर्ष क्रिसमस के मौके पर वह इस पर्व की खुशियां रिक्शा चालकों के साथ साझा करती हैं। इस दौरान वह रिक्शा चालकों को कंबल, स्वेटर व अन्य जरूरत की चीजों के वितरण के साथ-साथ उन्हें नैतिकता का भी पाठ पढ़ाती हैं।

# चुनाव अधिकारी की कार्यशैली पर उठे सवाल, मतदाता सूची में कई त्रुटियां

**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के चुनाव को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले कालातीत कार्यकारिणी द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि डिप्टी रजिस्ट्रार को हस्तक्षेप कर इस पर रोक लगानी पड़ी। डिप्टी रजिस्ट्रार ने जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह को फोनरवा चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। चुनाव अधिकारी ने नया चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। नए कार्यक्रम के तहत जारी संशोधित मतदाता सूची को लेकर एक बार फिर विवाद छिड़ गया है।

संस्थापक सदस्यों को वोटिंग राइट और चुनाव लड़ने के अधिकार का मामला अभी अधर में ही है। इसको लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका है। मतदाता सूची को लेकर दर्ज कराई गई आपत्तियों में 14 सदस्यों ने संस्थापक सदस्यों को चुनाव लड़ने का अधिकार देने और वोट देने का अधिकार बहाल करने की मांग की थी। इसे चुनाव अधिकारी ने नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिया।

ताजा मामला सेक्टर-99 आरडब्ल्यूए की जिमी वालिया ने उठाया है। जिमी का आरोप है कि %जिस प्रकार चुनाव अधिकारियों ने मेरा नाम हटाकर और मेरे द्वारा रखे गए पहलुओं को अनदेखा करके मेरा नाम लिस्ट से काट दिया और 5 अप्रैल-2021 को सचिव पद से इस्तीफा दे चुके जगबीर का नाम मनमाने तरीके से बिना पूरी जानकारी के दर्ज कर दिया गया। यह बहुत ही गलत है। इसमें मिलीभगत की बड़ी साजिश प्रतीत हो रही है। मैं इसके खिलाफ कानूनी तरीके से चुनाव अधिकारी और जगबीर सिंह द्वारा की गई इस चार सौ बीसी के खिलाफ आवाज उठाऊंगी।

सेक्टर-49 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष प्रशांत त्यागी ने निर्वाचन आदेश को ही त्रुटिपूर्ण बताया है। उन्होंने मांग की है कि इसे रद्द कर पुन: संशोधित निर्वाचन आदेश जारी किया जाए। आनन फानन में पत्र जारी किया गया है। फोनरवा की मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाना चाहिए। वहीं, आरडब्ल्यूए, शिव शक्ति अपार्टमेंट, सेक्टर-71 के अध्यक्ष जगदीश यादव जग्गा का आरोप है कि सभी आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को लेकर चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक होनी चाहिए थी। हर आपत्ति का समाधान किया जाना चाहिए था। सबकी सहमति लेकर चुनाव प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी करना था।

सेक्टर-62 रजत विहार के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुखदेव शर्मा ने फेडरेशन के सदस्यों को वार्षिक शुल्क जमा कराने की मांग की। उनका कहना है कि फोनरवा चुनाव से पहले आरडब्ल्यूए को वार्षिक शुल्क जमा करने के लिए समय दिया जाना चाहिए, ताकि वो भी चुनाव में भागीदारी कर सके। सेक्टर-51 आरडब्ल्यूए के महासचिव संजीव कुमार का आरोप है कि फीस जमा करने के बाद भी सेक्टर-44 की आरडब्ल्यूए को फेडरेशन का सदस्य नहीं बनाया गया। चुनावी प्रक्रिया शुरू होने से पहले सभी को अधिकार मिलने चाहिए। वहीं, सेक्टर-36 आरडब्ल्यूए के महासचिव जेपी उप्पल का आरोप है कि कालातीत महासचिव केके जैन ने चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले सदस्यता शुल्क लेने से इन्कार कर दिया था, इसलिए सभी सदस्यों को शुल्क जमा कराने का समय दिया जाए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर, शैलेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आज की तिथि तक जो सदस्य हैं, उन्हीं को अंतिम मानते हुए चुनाव कराया जाएगा। फोनरवा का चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्वाचन बाइलाज के अनुसार होंगे।